आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 15 दिसंबर 2025 ■ पौष कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-256 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## धान खरीदी पर सदन गरमाया

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगाया आरोप- 'सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का रच रही है षड़यंत्र'

रायपुर, 15 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़




पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर ग्राह्य कर चर्चा कराते तो सत्तापक्ष के सदस्यों को भी बोलने का मौका मिलता, और सरकार की ओर से इस पर जवाब आता. उन्होंने कहा कि धान खरीदी से जुड़े समिति के प्रबंधक, कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं. सरकार उनकी मांगे मानने के बजाय उन्हें जेलों में ठूस रही है, उन पर कार्रवाई कर रही है. पंजीयन में समस्या आई, वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का पंजीयन नहीं हुआ. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहा है. कई लोगों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं, कई लोग चॉइस सेंटर का चक्कर लगा रहें हैं. महासमुंद के किसान मनबोध ने अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया. उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है. भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी केंद्र से सीधे धान उठाने वाले नहीं हैं. धान खरीदी केंद्र से संग्रहण केंद्र ले जा रहे हैं, और आरओ फरवरी में कटेंगे. इस अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने का नहीं है. पिछले साल के धान खरीदी का उठाव नहीं हो पाया. सरकार इस पूरे नाकामी के लिए जिम्मेदार है. सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है. इसलिए आसंदी से आग्रह कर मुद्दे को ग्राहय कर पूरी चर्चा कराई जाए.

### काम नहीं कर रहे स्कूलों में लगे सैनेटरी नैपकिन-वेंडिंग मशीनः कौशिक

**रायपुर, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने स्कूल-कॉलेजों में लगे सैनेटरी नैपकिन, वेंडिंग मशीन और डिस्पोजल करने वाली इंसीनरेटर मशीन से जुड़ा मामला उठाया. भाजपा विधायक ने मशीनों के काम करने की जानकारी देते हुए मंत्री से जांच कराने की मांग की. इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जांच कराने की बात कही. सदन में स्कूलों में स्थापित मशीनों के सत्यापन और एजेंसियों के नाम और तारीख पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े घिर गईं. भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि मशीनें संचालित नहीं है. इस मामले की जाँच कराई जाए. इस पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि 1600 मशीनें ठीक है, 1300 मशीनें खराब है. फिलहाल, विभाग से ऐसी कोई जानकारी नहीं है. इस पर विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र के दो स्कूलों की जाँच करा लीजिए. मंत्री ने कहा कि जाँच करा लेंगे.

## मनरेगा के स्थान पर नया कानून लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, 15दिसंबर।** एमजीएनआरईजीए ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। इसके बदले में एक नया कानून - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - लाया जाएगा। नए विधेयक में कार्यदिवसों की मौजूदा संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को निरस्त करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। एमजीएनआरईजीए ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। इसके बदले में एक नया कानून - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - लाया जाएगा। नए विधेयक में कार्यदिवसों की मौजूदा संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच वह विधेयक प्रसारित किया, जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। विधेयक की प्रति के अनुसार, इसमें संसद में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (ग्रामीण विकास मिशन) विधेयक, 2025 को प्रस्तुत करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को निरस्त करने का प्रावधान है।इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन सभी ग्रामीण परिवारों को एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी.

## कांग्रेस की रैली में हुआ पीएम मोदी का अपमान,सोनिया गांधी माफी मांगे: नड्डा

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी जी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। रिजिजू ने कहा, "रैली में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे और प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए गए।" कांग्रेस की सहयोगी



समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेद भले ही हों, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में बोलते समय हमें संयम बरतना चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने कहा कि इस तरह के नारे लगाना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, "चाहे कुछ भी हो जाए, वह (नरेंद्र मोदी) प्रधानमंत्री हैं।" रविवार को भाजपा पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों का विरोध करने के लिए आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू लता मीना ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 'कबर' नारा लगाया।

## लोकसभा में बृजमोहन ने उठाया कांकेर सब-हेल्थ सेंटर में लापरवाही का मामला

**नई दिल्ली/रायपुर, 15 दिसंबर।** जनहित के मुद्दों पर निर्भीक और संवेदनशील आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में कांकेर जिले के एक सब-हेल्थ सेंटर में हुई गंभीर लापरवाही की घटना को प्रभावी ढंग से उठाया। इस मुद्दे के माध्यम से उन्होंने फार्मास्यूटिकल वेस्ट मैनेजमेंट जैसी अत्यंत संवेदनशील और अनदेखी समस्या की ओर पूरे देश का ध्यान आकृष्ट किया। सांसद अग्रवाल ने सदन को अवगत कराया कि कांकेर के सब-हेल्थ सेंटर में एक्सपायर हो चुकी दवाओं को जलाए जाने से निकला जहरीला धुआं पास स्थित स्कूल की कक्षाओं तक फैल गया। इसके कारण कई मासूम बच्चों को चक्कर आने और सांस लेने में तकलीफ जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है। लोकसभा में अपने वक्तव्य के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि देश के अनेक हिस्सों में एक्सपायर दवाओं का निपटान अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना तरीके से किया जा रहा है। कहीं इन्हें सीवेज सिस्टम में बहाया जा रहा है, तो कहीं खेती की जमीन या खुले गड्ढों में फेंक दिया जाता है, जिससे जहरीले रसायन मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह प्रवृत्ति भविष्य की पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट बन जाएगी।



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार से मांग की कि सीडीएससीओ की गाइडलाइंस और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के तहत पूरे देश में सख्त और स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को दवाओं के सुरक्षित निपटान के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जोर दिया। कांकेर जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए श्री अग्रवाल ने दूरदर्शी और व्यावहारिक सुझाव भी रखे। इनमें हर जिले में एक्सपायर दवाओं के सुरक्षित डिस्पोजल के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना, नए अस्पतालों को मंजूरी देने से पहले मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल वेस्ट डिस्पोजल की अनिवार्य व्यवस्था, तथा नियमों के सख्त पालन हेतु जिला-स्तरीय कम्प्लायंस और मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने की मांग शामिल है। यह संसदीय हस्तक्षेप सांसद बृजमोहन अग्रवाल के उस दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जिसमें वे बच्चों के स्वास्थ्य, आम नागरिकों की सुरक्षा और पर्यावरण की शुद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करते। उनकी यह पहल न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में फार्मास्यूटिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर नई गंभीरता और जिम्मेदारी तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## कपड़ा दुकान में आग

**बिलासपुर, 15 दिसंबर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हैप्पी स्ट्रीट में रविवार रात एक कपड़ों की दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान से धुंआ निकलते देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी आगजनी की जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए बिना देर किए कार्रवाई शुरू की। दुकान में ताला लगे होने और संचालक की जानकारी आसपास के लोगों को न होने के कारण पुलिस जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आग की लपटें बढ़ने से आसपास की दुकानों को खतरा उत्पन्न हो गया था, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से बड़ी घटना टल गई। कोतवाली टीआई देवेश राठौर ने बताया कि हैप्पी स्ट्रीट स्थित उक्त दुकान एक फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले व्यक्ति ने किराए पर ली थी। वह दिन में फेरी लगाकर कपड़े बेचता था और रात में सारा सामान दुकान में रख देता था। रविवार को वह संडे मार्केट में कपड़े बेचने गया था और रात में दुकान बंद कर चला गया। रात करीब 10 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान से धुंआ निकलते देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने देर रात कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन व्यवसायियों ने असामाजिक तत्वों की हरकतों से आगजनी की आशंका व्यक्त की है, हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान में रखे लाखों के कपड़ों को नुकसान पहुँचने से व्यवसायी को भारी आर्थिक झटका जरूर लगा है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खेत में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण

### हिंदू संगठन और ईसाई समुदाय के लोग भिड़े

**कोरबा, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और ईसाई समुदाय के लोगों के बीच विवाद की खबरें सामने आई है । दरअसल, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में ईसाई समुदाय के प्रार्थना सभा को लेकर जमकर बवाल हुआ। ईसाई समुदाय और हिंदू संगठन आमने-सामने आ गए। मामला थाने तक पहुंचा। वहां भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सुतर्रा गांव में ईसाई समुदाय के लोगों ने खेत में पंडाल लगाकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। सभा को पास्टर बजरंग जायसवाल लीड कर रहे थे। आरोप है कि वह ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। सरपंच की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। दरअसल, रविवार सुबह सुतर्रा गांव में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इसकी जानकारी सरपंच संतोषी बाई को मिली। सरपंच की शिकायत पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया। इस दौरान बजरंग दल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि बजरंग जायसवाल के साथ बाहर से कुछ लोग आए थे। सभा में बीमारी और तकलीफों को ठीक करने का दावा किया जा रहा था। पास्टर पहले भी कटघोरा में चंगाई सभा आयोजित कर चुका है। जेल भी जा चुका है। नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि पादरी बजरंग जायसवाल उन लोगों को टारगेट करते हैं, जो निःसंतान हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। प्रार्थना से बीमारियां ठीक होने का दावा करते हैं। इससे गांव वाले झांसे में आ जाते हैं। नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि पादरी जायसवाल प्रार्थना सभाएं करते हैं, जिनका पहले भी विरोध हुआ है। इसके बाद उन्हें कोर्ट ने जेल भेजा। बाद में बिना इजाजत सभाएं न करने की समझाइश भी दी गई थी, लेकिन वह नहीं मान रहे हैं। वहीं इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।



## पिनाका की 300 किमी रेंज: इस्लामाबाद से कराची तक सीधा निशाना

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** ऑपरेशन सिंदूर – यह नाम भारत की सैन्य इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा. 7 मई की रात को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी कैंपों पर 24 सटीक हमले किए. इसमें स्वदेशी पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर ने 120 किमी दूर सप्लाई लाइन, बंकर और स्टेजिंग एरिया को मिनटों में नेस्तनाबूद कर दिया. डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामत के मुताबिक यह हमला 'डिटरेंस बाय पनिशमेंट' का बेहतरीन उदाहरण था – पाकिस्तान को सजा देकर अगली बार सोचने पर मजबूर किया. अब कल्पना कीजिए, जब 300 किमी रेंज वाला नया पिनाका-Mk4 साल 2030 तक सेना में शामिल हो जाएगा.

## प्रियंका गांधी के साथ प्रशांत किशोर की 2 घंटे सीक्रेट मीटिंग

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर।** चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा चुनाव में जन सूराज पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक बार फिर राजनीतिक चर्चाओं में लौट आए हैं. सूत्रों के मुताबिक पीके ने हाल ही में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ एक बंद कमरे में बैठक की, जिससे राजनीतिक हलकों में नई अटकलें लगने लगी हैं. बैठक लगभग दो घंटे तक चली, जिसमें दोनों ने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तर भारतीय राज्यों के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की. हालांकि दोनों पक्षों ने प्रियंका गांधी और पीके की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताकर इसके राजनीतिक अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की है. लेकिन राजनीतिक रूप से यह मुलाकात काफी दिलचस्प है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में प्रशांत किशोर और कांग्रेस का रिश्ता कड़वाहट भरा रहा है. प्रशांत किशोर ने 2021 में जद(यू) से निष्कासित होने के एक साल बाद कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव दिया था. उनकी 2022 में कांग्रेस आलाकमान के साथ बातचीत शुरू हुई. अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ निवास पर प्रशांत किशोर ने राहुल और प्रियंका सहित शीर्ष नेतृत्व




के सामने पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया था. तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रशांत किशोर के प्रस्तावों पर विचार के लिए एक पैनल गठित किया. कुछ दिनों बाद सोनिया ने कांग्रेस की राजनीतिक चुनौतियों के लिए 'एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप' बनाया और किशोर को इसमें शामिल होने का न्योता दिया. लेकिन किशोर ने इसे ठुकरा दिया क्योंकि वह इस ग्रुप में सिर्फ सदस्य बनकर शामिल होने के बजाय अधिक अधिकार और स्वतंत्रता चाहते थे. कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें प्रशांत किशोर का प्रेजेंटेशन देखने वाले जी-23 समूह के सदस्य भी शामिल थे, उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति के इशारे पर पार्टी संगठन में बदलने का विरोध किया. उन्हें प्रशांत किशोर पर पूरा भरोसा नहीं था.

कांग्रेस ने बयान जारी किया, 'प्रशांत किशोर का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखने और उनके साथ चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने 2024 लोकसभा चुनावों के लिए एक एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप गठित किया और उन्हें जिम्मेदारी के साथ पार्टी में शामिल होने का आमंत्रण दिया. उन्होंने मना कर दिया. हम उनके प्रयासों और सुझावों की सराहना करते हैं.' प्रशांत किशोर ने भी एक बयान जारी करके कहा था, 'मैंने कांग्रेस के प्रस्ताव को ठुकरा दिया. मेरे विचार में कांग्रेस को मुझसे ज्यादा नेतृत्व और सामूहिक इच्छाशक्ति की जरूरत है ताकि पार्टी में गहरी जड़ें जमा चुकीं संरचनात्मक समस्याओं को परिवर्तनकारी सुधारों से ठीक किया जा सके.' तब से प्रशांत किशोर कांग्रेस की आलोचना करते रहे हैं. बिहार चुनाव के दौरान भी उन्होंने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए 'वोट चोरी' और 'मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) जैसे मुद्दों को दरकिनार कर दिया था. उन्होंने कहा था कि बहार में इन दोनों मुद्दों का कोई चुनावी प्रभाव नहीं है. चुनाव परिणाम आने पर पीके की बात सच साबित हुई थी और कांग्रेस 61 में से सिर्फ 6 सीटें जीत सकी थी. प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी बिहार में 238 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन खाता नहीं खोल सकी.

## राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार रामविलास वेदांती का निधन

### 16 को अयोध्या में दी जाएगी जल समाधि

**अयोध्या, 15 दिसंबर।** अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से प्रमुख रूप से जुड़े रहे भाजपा के पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती का निधन हो गया है। पिछले कई दिनों से तबीयत खराब होने के बाद उनका इलाज मध्यप्रदेश में रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा था। इसी बीच सोमवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा है। यहां मंगलवार को सरयू में जल समाधि दी जाएगी। सीएम योगी समेत तमाम नेताओं ने वेदांती के निधन पर गहरा दुख जताया है। 67 वर्षीय रामविलास पिछले दो दिनों से राम कथा के लिए मध्य प्रदेश के रीवा में प्रवास कर रहे थे। रविवार को उन्हें यूरिन पास न होने की दिक्कत हुई। दिक्कत के बाद संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उनके बीमार होने की जानकारी मिली तो एयरलिफ्ट करके भोपाल जाने की व्यवस्था कराई लेकिन विजिबिलिटी कम होने के चलते विमान भोपाल में



उतर नहीं पाया। इसकी वजह से वापस रीवा में ही भर्ती करना पड़ा। इस बीच मध्य रात्रि को उन्हें हार्ट अटैक आया। सोमवार की सुबह दोबारा हार्ट अटैक की सूचना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल प्रबंधन से उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्हें एयरलिफ्ट कर मेदांता ले जाए जाने की तैयारी चल रही थी। लेकिन खराब मौसम और डॉ वेदांती की सेहत में उतार-चढ़ाव को देखते हुए डॉक्टरों ने फिलहाल एयरलिफ्ट करने की इजाजत नहीं दी। मेदांता के चिकित्सकों से चर्चा के बाद उन्हें स्टेबल करके ही मेदांता भेजने पर सहमति बनी। इस बीच दोपहर साढ़े बारह बजे उनकी सांसें टूट गईं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जनसेवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न

**रायपुर, 15 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वृहद जन सेवा कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासन के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद कार्यक्रम के तहत भारत के विभिन्न मॉड्यूल, डिजिटल क्षमता-वर्धन तथा प्रशासनिक दक्षता से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनआईसी की टीम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। पूरे प्रशिक्षण में सहकर्मी सीखने, सहयोग और अनुभवात्मक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बैच को 5 छोटी टीमों में विभाजित किया गया था। प्रशिक्षण में टीम-आधारित चुनौतियाँ, व्यक्तिगत अभ्यास,चिंतनशील और संवादात्मक चर्चाएं की गईं। यह प्रशिक्षण व्यक्तिगत प्रभावशीलता और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता पर केंद्रित रहा। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के छत्तीसगढ़ के एसआईओ श्री टी. एन. सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी को नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक सच्चे राष्ट्रीय कर्मयोगी के गुणों को अपने दैनिक कार्यों में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं, अवैध धान पर सख्त कार्रवाई जारी

**सूरजपुर, 15 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाओं के साथ धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से किया जा रहा है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया गया है। इसके साथ ही जिले में अवैध धान भंडारण, खरीदी एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 3376.6 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। इसी क्रम में विगत दिवस 13 दिसंबर 2025 को ग्राम डबरीपारा निवासी अजय कुमार साहू, पिता बैजनाथ साहू (उम्र लगभग 32 वर्ष) के दुकान एवं गोदाम में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदकर भंडारित किए जाने पर 270 बोरी धान, जिसका वजन लगभग 108 क्विंटल है, जप्त किया गया। इसी दिन ग्राम गंगौटी, तहसील भैयाथान निवासी शिवबरन सिंह, पिता रामशरण सिंह (उम्र 37 वर्ष) के दुकान, गोदाम एवं आंगन में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदकर भंडारित किए जाने के मामले में 740 बोरी धान, जिसका वजन लगभग 296 क्विंटल है, जप्त किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सीमाओं एवं सभी चेक पोस्टों पर अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने के लिए 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है। संदिग्ध वाहनों एवं परिवहन गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आंतरिक चेक पोस्टों पर भी टीमों की तैनाती की गई है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ-साथ संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है, जिससे खरीदी, भंडारण एवं परिवहन की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सकेगी।

### वित्त मंत्री ने राज्य के दीर्घकालिक विकास विज़न का रखा स्पष्ट रोडमैप

**रायपुर, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्य के दीर्घकालिक विकास दस्तावेज छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा हुई। सदन में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने इस महत्वाकांक्षी विज़न डॉक्यूमेंट पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके उद्देश्य, आवश्यकता और क्रियान्वयन की रूपरेखा को विस्तार से रखा।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 केवल एक नीति दस्तावेज नहीं, बल्कि अगले 25 वर्षों में राज्य को समृद्ध, आत्मनिर्भर और समावेशी विकास की दिशा में ले जाने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि यह विज़न भारत की आज़ादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशेषताओं को केंद्र में रखा गया है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने चर्चा में स्पष्ट किया कि तेज़ी से बदलते वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य में राज्य को दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# बेटियों को दिया राष्ट्र निर्माण का मंत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 15 दिसंबर।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में राष्ट्रभक्ति और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिला। 'राष्ट्रचिंतन' विषय पर आयोजित भव्य संगोष्ठी में देश के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी बतौर मुख्य वक्ता पधारे। अपने ओजस्वी वक्तव्य के लिए पहचाने जाने वाले श्री कुलश्रेष्ठ ने इस गरिमामयी कार्यक्रम में राष्ट्रहित सर्वोपरि का संदेश दिया। इस प्रवास के दौरान उन्होंने श्री चंद्रगिरी महातीर्थ क्षेत्र का विशेष अवलोकन किया। तीर्थ आगमन पर उन्होंने सबसे पहले देवादिदेव 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान के दर्शन किए और संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के समाधि स्थल पर





नमन कर अपनी भावांजलि अर्पित की। आध्यात्म की इस यात्रा में उन्होंने तीर्थ में विराजमान पूज्य आर्यिका श्री 105 सिद्धांत मति माताजी ससंघ के दर्शन किए और उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

तीर्थ परिसर में स्थित प्रतिभा स्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ पहुंचकर श्री कुलश्रेष्ठ ने वहाँ अध्ययनरत छात्राओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने पहाड़ पर निर्माणाधीन भव्य श्री 1008 चंद्रप्रभ जिन मंदिर के कार्य का जायजा लिया और तीर्थ क्षेत्र में संचालित हथकरघा प्रकल्प का निरीक्षण कर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में इसे एक सराहनीय कदम बताया। तीर्थ क्षेत्र आगमन पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सेठ सिंघई किशोर जैन जी एवं समस्त ट्रस्टी गणों ने श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 10,000 आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का हुआ शुभारंभ

# प्रधानमंत्री आवास योजना में ऐतिहासिक उपलब्धि : मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत अपनी प्रथम मंत्रिपरिषद बैठक में 18 लाख आवास स्वीकृत किए जाने के निर्णय के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक आकर्षक कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया। यह पुस्तक राज्य में ग्रामीण आवास योजना के तहत प्राप्त ऐतिहासिक प्रगति, नवाचारों और उपलब्धियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत राज्य को प्राप्त 26.27 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 24.37 लाख आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जबकि 17.14 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्तमान सरकार ने अपने मात्र दो वर्षों के अल्प कार्यकाल में ही लगभग 8 लाख आवासों का



निर्माण पूर्ण कर राज्य में ग्रामीण आवास निर्माण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 10,000 आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का भी शुभारंभ किया। इन डबरियों को मई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मनरेगा के तहत पात्र हितग्राहियों, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी भी शामिल हैं, की निजी भूमि पर इन डबरियों का निर्माण किया जाएगा। इससे न केवल ग्रामीण रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों एवं ग्रामीण परिवारों की आजीविका और आय में भी स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी।कार्यक्रम के दौरान कवर्धा जिले के जनमन आवास योजना के हितग्राहियों तथा नारायणपुर जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए संचालित विशेष परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आजीविका डबरी के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए, जो सामाजिक पुनर्वास और मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त श्री तारन प्रकाश सिन्हा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## साय सरकार की प्रथम कैबिनेट के दो वर्ष पूर्ण, 18 लाख पीएम आवास को दी गई थी स्वीकृति

**रायपुर, 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी प्रथम मंत्रिपरिषद बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 18 लाख आवासों की स्वीकृति के निर्णय के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में 10,000 आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कवर्धा जिले के जनमन आवास योजना के हितग्राहियों तथा नारायणपुर जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए संचालित विशेष परियोजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को आजीविका डबरी के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा श्री तारन प्रकाश सिन्हा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2016 से 2026 की अवधि के लिए 26.27 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 24.37 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 17.14 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में मात्र दो वर्षों में लगभग 8 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है, जो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।

## ग्राम करहीबाजार मड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने 500 नग लोहे का चूड़ा-कड़ा किया जप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबजार 15 दिसंबर।** तक ग्राम करहीबाजार में 02 दिवसीय मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान मड़ई मेला कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ थी। इस भीड़ में युवा वर्ग भी काफी संख्या में शामिल हुए थे। मड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान समुचित शांति व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध आदेशित किया गया था। इस दौरान पुलिस बल द्वारा मड़ई मेला कार्यक्रम में उपस्थित विशेषकर युवा वर्ग का चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं द्वारा अपने हाथों में लोहे का चूड़ा एवं कड़ा पहना पाया गया। किसी भी वाद विवाद तथा लड़ाई झगड़े की स्थिति में उक्त चूड़े का उपयोग एक घातक हथियार के रूप में किया जा सकता था, जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल द्वारा लगातार चेकिंग करते हुए युवाओं के हाथों में पहने गए इस लोहे के चूड़ा एवं कड़ा को निकलवाना प्रारंभ किया गया और देखते ही देखते पुलिस टीम



द्वारा चेकिंग कार्यवाही कर कुल 500 नग धारदार लोहे का कड़ा एवं चूड़ा जप्त किया गया है। जप्त किए गए कई लोहे के चूड़े में धार लगी हुई थी, जो की एक अत्यंत धारदार घातक हथियार के रूप में प्रतीत हो रहा था। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस का सदैव सहयोग करें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा शरारती तत्वों के संबंध में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## लापरवाही पूर्वक इलाज करने से महिला की मृत्य, 2 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 दिसंबर।** मर्ग क्रमांक 32/2025 मृतिका अंजू प्रजापति के प्रकरण की जांच एवं पूछताछ पर यह पाया गया कि मृतिका अंजू प्रजापति गर्भवती थी, जिसे दिनांक 08.06.2025 के शाम करीबन 06:00 बजे प्रसव पीडा प्रारंभ होने पर आरोपिया रिटायर्ड नर्स के पास लेकर आए थे, जहां पर आरोपिया द्वारा मृतिका का लापरवाही पूर्वक डिलीवरी कर दिया गया, जहां बच्चा मृत पैदा हुआ। इस दौरान मृतिका को अत्यधिक रक्त स्राव होने लगा, जिसे आरोपिया द्वारा उचित उपचार का संस्थान ना बताते हुए संस्कार हॉस्पिटल कटगी ले जाने हेतु बताया गया। मृतिका को संस्कार हॉस्पिटल कटगी लाने पर आरोपी दुखित साहू द्वारा मृतिका को अस्पताल में 02 घंटे भर्ती कर लापरवाही पूर्वक इलाज किया गया। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतिका को जिला अस्पताल बलौदाबाजार ले जाने को कहा गया। जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाने के दौरान चेक करने पर मृतिका की मृत्यु होना घोषित किया गया। प्रकरण में दिनांक 14.12.2025 को प्रार्थी दुर्गेश पटेल निवासी ग्राम कुम्हारी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में



अपराध क्र. 273/2025 धारा 105,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया, जिसमें यह पाया गया कि मृतिका अंजू प्रजापति का डिलीवरी के दौरान लापरवाही पूर्वक इलाज करते हुए उसका अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। तत्पश्चात संस्कार हॉस्पिटल कटगी में आरोपी दुखित साहू द्वारा केवल 12वीं पास होते हुए भी इलाज के संबंध में कोई विधि संबद्ध दस्तावेज नहीं होने के बावजूद मृतिका का इलाज किया गया, जिससे मृतिका अंजू प्रजापति की मृत्यु हो गई एवं संस्कार हॉस्पिटल के संचालक जोहित राम साहू एवं अन्य द्वारा पंजीकृत डॉक्टर की नियुक्ति नहीं कर, हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था।

## ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 के प्रथम चरण की तैयारी हेतु परिक्षेत्र स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन



**बलौदाबाजार, 15 दिसंबर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धमशील के निर्देशानुसार कॉम्पोज़िट कार्यालय भवन बारनवापारा में ऑल इंडिया टाइगर एस्टिमेशन 2026 के प्रथम चरण की तैयारी हेतु परिक्षेत्र स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को सर्वे ऐप के उपयोग एवं बाघ तथा अन्य वन्यजीवों की गणना के लिए वैज्ञानिक सर्वे पद्धतियों से अवगत कराना जिससे वन्यजीव संरक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक बारनवापारा कृषानु चंद्राकर द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने ऐप इंस्टॉल करने एवं फील्ड में उपयोग की विधि, वन्यजीव पहचान की वैज्ञानिक तकनीक एवं लाइन ट्रांजैक्ट तथा साइन सर्वे (पगमार्क, मल, खरोंच, रैक मार्क आदि संकेतों) के आधार पर गणना पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रायोगिक भाग में प्रतिभागियों को फील्ड में ले जाकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दर्शन आधारित रिकॉर्डिंग, कंपास दिशा सूचक, रेंजफाइंडर का उपयोग, डेटा संग्रहण, मैपिंग एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया, जिससे सर्वे के दौरान सटीक आंकड़े एकत्रित किए जा सकें।कार्यक्रम में श्री जीवन लाल साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी सहित प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, बारनवापारा के फील्ड स्टाफ एवं बलौदाबाजार वनमण्डल के सभी संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

### सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों ने दिखाई अपनी हुनर

## देउरपारा के 'सुपरस्टार्स': गोबर से बने दीये, सपनों को रोशन किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के रंग में डूबे देउरपारा के श्री बालाजी विशेष दिव्यांग आवासीय विद्यालय में रविवार को एक जादुई माहौल छा गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के विजन से प्रेरित होकर डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव और समाज कल्याण की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडेय के मार्गदर्शन में 'सक्षम प्रोजेक्ट' ने दिव्यांग भाइयों-बहनों को नया जीवन दिया। दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सहयोग से गोबर धूपबत्ती से लेकर हवन कुंड तक–हर हाथ में हुनर जागा! डॉ. पोषण सिन्हा ने गोबर की धूपबत्ती, समरानी कप, शुभ लाभ और चमकते दीयों का राज सिखाया। वहीं, होलाराम साहू दंपति ने पत्तल-दोने बनाना सिखाते हुए कहा, ये हाथ कमजोर नहीं, ये तो खजाने हैं! संस्थापक खेमराज साहू के स्कूल परिसर में गूंजी हंसी-ठिठोली। छोटे-छोटे 'सुपरस्टार' बच्चों ने इतना जोश दिखाया कि सब दंग रह गए–एक ने कहा, अब हम खुद कमाएंगे! समिति के संस्थापक बसंत कुमार बिश्नोई, अध्यक्ष संतोषी बिश्नोई, सचिव सचिव सुलेखा, सह सचिव डेराराम साहू, संरक्षक घनश्याम-सुमन-मिलाप साहू–नगरी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश भंडारी, उपाध्यक्ष पार्वती और सचिन कुमारी यादव ने तालियां बजाईं। यह ट्रेनिंग सिर्फ कौशल नहीं, आत्मविश्वास का तोहफा थी। अब ये दिव्यांग नायक बाजार में चमकेंगे!

## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना करेंगे पूरी:अरुण साव

**रायपुर, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में पहली बार आयोजित सत्र के पहले दिन आज छत्तीसगढ़ सरकार के विजन डॉक्युमेंट 'छत्तीसगढ़ अंजोर-2047' पर दिनभर चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने चर्चा में भाग लेते हुए 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए अपने विभागों के रोडमैप साझा किए। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है। आज से ठीक 25 साल पहले 14 दिसम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला सत्र प्रारंभ हुआ था। राजकुमार कॉलेज के जशपुर हॉल में टेंट से शुरू हुआ विधानसभा का सफर आज अपने स्वयं के इतने विशाल, भव्य और आधुनिक भवन में पहुंच गया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सदन में कहा कि आज का दिन श्रद्धेय स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करने का दिन है। उनके कारण यह दिन आया है। विधानसभा का 25 सालों का सफर टेंट से प्रारंभ होकर इस विशाल इमारत तक पहुंचा है। इसका श्रेय अटलजी को जाता है। उन्होंने कहा कि विजन-2047 विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का रोडमैप है। छत्तीसगढ़ राज्य को हमने बनाया है और इसे हम ही संवारेंगे और विकसित करेंगे। इसके लिए हमने ठोस रणनीति और चरणबद्ध योजनाएं बनाई हैं।

### प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की गरिमामय उपस्थिति में

# आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर एवं सह संयोजक मनीष पारख ने प्रदेश कार्यालय में किया पदभार ग्रहण

**रायपुर 15 दिसंबर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शिव चंद्राकर एवं सह संयोजक श्री मनीष पारख ने प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी के गरिमामयी उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी ने प्रदेश संयोजक एवं सह संयोजक को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आर्थिक प्रकोष्ठ का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाना ही आर्थिक प्रकोष्ठ का मूल उद्देश्य है। आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी संगठनात्मक समर्पण, कार्यकुशलता एवं सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए जनता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नंदन जैन जी ने आर्थिक प्रकोष्ठ की संगठनात्मक संरचना एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी प्रकोष्ठ है। यह प्रकोष्ठ केंद्र एवं राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास



कार्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री नवीन मार्कण्डेय जी ने कहा कि आर्थिक प्रकोष्ठ का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना बस नहीं है बल्कि आम नागरिक, व्यापारी, किसान, श्रमिक सहित सभी वर्गों को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। संगठनात्मक समन्वय, सतत संवाद एवं जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यों के माध्यम से आर्थिक प्रकोष्ठ सरकार की योजनाओं को जनङ्जन तक पहुँचाकर विकसित एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शिव चंद्राकर जी एवं सह संयोजक श्री मनीष पारख जी ने नवीन दायित्व प्रदान किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने यह संकल्प व्यक्त किया कि वे संगठन द्वारा प्रदत्त इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रकोष्ठ के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने, संगठन को सशक्त बनाने तथा प्रदेश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु सतत् प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय प्रभारी श्री अशोक बजाज जी, पूर्व प्रदेश संयोजक श्री गोपाल टावरी जी, पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश अग्रवाल जी, पूर्व सह संयोजक अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल अग्रवाल जी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेल चंदन, अजय तिवारी, अनूप गटागट, मनोज अग्रवाल, संतोष रामानी, यश शर्मा, मिथिलेश सिंह, पूर्व आर्थिक प्रकोष्ठ की टीम के पदाधिकारी संजय सिंह, श्याम अग्रवाल, बलवंत सिंह ठाकुर, सुरेश सोनी, मुकेश अग्रवाल, शंकर विश्वास, विजय गोयल, बनवारी लाल अग्रवाल, कमलेश श्रीवास, परेश वैष्णव, सौरभ पाठक, श्वेता अग्रवाल, नवीन जैन, अशोक चंद्राकर, अजय चंद्राकर, रामकुमार ठाकुर, अनिल सिंह, विशाल मिश्रा, चैतन्य टावरी, किशोर बरडिया, मनीष पाठक, आनंद अग्रवाल, आशुतोष मिलिंद, लक्ष्मण राव, निशिकांत मिश्रा, संतोष जायसवाल, मुकेश बेलचंदन, आशीष खंडेलवाल, अमर भोई, नीतू श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, रामकृष्ण खेड़िया, कमलेश शर्मा, मनोज सोनी, कमलेश सिंह राजेश शुक्ला साहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## सत्ता में नहीं हैं तो ये हाल, सत्ता में आएंगे तो क्या करेंगे

कहा जाता है कि सत्ता आदमी को अहंकारी बना देती है, सत्ता हाथ में हो तो आदमी को लगता है कि उसके हाथ में ताकत है, वह कुछ कर सकता है,वह अब आम नहीं है,वह खास है, वह लोगों को डरा सकता है,धमका सकता है। कई बार ऐसा भी होता है कि जो आदमी बरसों सत्ता में रहा और वर्तमान में सत्ता से बरसों दूर हो जाता है,उसको भी बहुत गुस्सा आता है जब उसकी पूछपरख नहीं होती है, जब उससे कोई डरता नहीं है, जब कोई उसे भाव नहीं देता है तो वह गुस्से में कहता है कि हमारे पास सत्ता आने दो तब तुमको बताएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। हम सत्ता में आएँगे तो ऐसा कानून बनाएंगे कि तुम सजा से बच नहीं सकोगे। यह सीधे धमकी है, सत्ता में न रहने पर भी धमकी देना है कि अभी तुम वह सब कर रहे हो जो हमको पसंद नहीं है।यह सजा पाने लायक काम है, तुमको सजा जरूर मिलेगी जब हमारी सरकार आएगी। खासकर जो राजनीतिक दल विपक्ष में होता है,जो नेता विपक्ष में होता है, अक्सर वह अफसरों को धमकाते रहते हैं कि अभी तुम जो कर रहे हो ठीक नहीं कर रहे हो, हम जब सत्ता में आएंगे तो हम तुम्हारे साथ क्या करेंगे,देखना।जो सत्ता में नही रहता है उसे उम्मीद रहती है कि एक दिन वह भी सत्ता में आएगा, इसलिए सत्ता में आने की उम्मीद में वह नाराज होने पर धमकी भी देता है। चाहे कांग्रेस का राज्य का नेता हो या कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी सत्ता में रहने के कारण और सत्ता से बरसों बाहर रहने के कारण एक जैसी भाषा होती है, एक जैसे तेवर होते हैं। वह सत्ता में न रहने पर भी खुद को बड़ा मानते हैं,सत्ता न रहने पर वह कुछ कर नहीं पाते हैं इसलिए वह धमकी देते हैं कि हमारी सत्ता आने दो तब तुमको बताएंगे। हम क्या कर सकते हैं, कई लोग तो अफसरों का नाम लिखकर रखते हैं कि हमारी सत्ता आएगी तो इसके साथ क्या करना है। राज्य में राज्य के नेता अफसरों को धमकाते हैं तो केद्र मे बड़े नेता धमकाते रहते हैं, राहुल गांधी वोट चोरी को लेकर चुनाव आयुक्त से बहुत नाराज है, वह उन पर चुनाव में गड़बड़ी से लेकर वोट चोरी आदि कई आरोप लगाते रहते हैं। सवाल पूछते रहते हैं।लोकसभा के शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता को मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए ऐसा नहीं कहना था।उन्होंने तो बहस के दौरान यह चुनाव आयुक्त को यह कहकर चेताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त इस भ्रम में न रहें कि उनको कानून बचा लेगा,हम कानून बदलकर पिछली तारीख से लागू करेंगे,यह तो सीधे चुनाव आयुक्त को धमकी है कि हमारी सरकार आने दो तुमको कानून बदलकर सजा देंगे।क्योंकि हम मानते हैं कि तुमने बहुत कुछ गलत किया है।देश के साथ अपराध किया है।ज्ञात हो कि मोदी सरकार ने २३ में कानून बनाया है कि चुनाव आयुक्त रहते किसी फैसले को लेकर चुनाव आयुक्त को कोई सजा नहीं दी जा सकती। मोदी सरकार ने चुनाव आयुक्त के फैसलों पर बाद में सजा न देने की व्यवस्था इसलिए की है कि चुनाव आयुक्त से पद पर रहने के दौरान कई तरह की गलती हो सकती है।मतदाता सूची मे कई तरह की त्रुटि हो सकती है,समय के अनुसार लिया गया फैसला किसी राजनीतिक दल को बुरा लग सकता है और वह राजनीतिक दल सत्ता में आने पर चुनाव आयुक्त को पुराने फैसलों के कारण सजा दे सकता है। लोकतंत्र में ऐसा होने लगे तो चुनाव आयुक्त जैसे संवैधानिक पद की क्या गरिमा रह जाएगी,कौन देश में चुनाव कराने के लिए चुनाव आयुक्त बनना चाहेगा। कांग्रेस के समय में तो कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता जिसको चाहता था चुनाव आयुक्त बना देता था और आज्ञाकारी बने रहने पर बाद मे रिटायर चुनाव आयुक्तों को राज्यपाल या और कोई पद दिया जाता था। कांग्रेस नेताओं का आज्ञाकारी चुनाव आयुक्तो की आदत रही है।उनके इशारे पर चुनाव आयुक्त नियुक्त होते थे और हटाए भी जाते थे। इसलिए आज के चुनाव आयुक्त उनको पसंद नहीं आते हैं क्योंकि वह राहुल गांधी कुछ कहते है तो वह करते नहीं है, राहुल गांधी कुछ कहते हैं तो मानते नहीं हैं। वह राहुल गांधी से हलफनामा मांगते हैं। राहुल गांधी जिसे सबूत कहते हैं, वह उसे सबूत नहीं मानते हैं। राहुल गांधी चाहते हैं कि देश में एसआईआर नहीं होना चाहिए तो वह एसआईआर कराते हैं। राहुल गांधी मोदी सरकार की आलोचना इस बात के लिए करते हैं कि देश में लोकतंत्र नही हैं और वह कैसा लोकतंत्र चाहते हैं जिसमें चुनाव आयुक्त को वह कानून बदलकर सजा दे सकें।वह भी इसलिए कि चुनाव आयुक्त ने जो भी देश हित में किया है, उसे राहुल गाधी व कांग्रेस सही नहीं मानते हैं।

**घटनाक्रम**

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला: वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा

सुनील कुमार महला



ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच (समुद्र तट) पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।कितनी बड़ी बात है कि बोंडी बीच में आर्चर पार्क के पास,जो कि भीड़-भाड़ वाली जगह है (ऑस्ट्रेलियन ईस्टर्न डेलाइट टाइम के मुताबिक़ शाम को क़रीब 6 बजकर 47 मिनट पर) दो लोगों की ओर से सार्वजनिक जगह पर गोलीबारी की गई और इलाके को दहला दिया गया। बताया जा रहा है कि आस्ट्रेलिया में हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है, जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। हालांकि, पुलिस की गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन आस्ट्रेलिया में हुई यह आतंकी घटना साफ संकेत देती है कि आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य देशों की भांति आतंकवाद का शिकार है। पाठकों को बताता चलूं कि एक हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है तथा दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की घोर निंदा की है। स्वयं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, 'यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि-' भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है।' इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, 'यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी।' बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों(गन ला) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद से आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के कुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं।

कुल मिलाकर, देश में हिंसा की घटनाएं कम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में यहूदी विरोधी हमलों ने गंभीर चिंता पैदा की है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के दौर में यह साफ दिखाई दे रहा है कि आतंकवादी अब भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जान-माल का नुक़सान कर सकें। गौरतलब है कि विश्व में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित (शिकार) देशों में आज क्रमशः अफगानिस्तान, पाकिस्तान,इराक, सीरिया, नाईजीरिया, सोमालिया, भारत,यमन,माली तथा फिलीस्तीन-इजराइल क्षेत्र शामिल हैं।अफगानिस्तान दशकों से तालिबान, आईएस जैसे संगठनों की हिंसा का केंद्र रहा है। वहीं पर पाकिस्तान आतंकी संगठनों, आत्मघाती हमलों और सीमा-पार आतंकवाद से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है।इराक आईएस (इस्लामिक स्टेट) के उदय के बाद भारी आतंकी हिंसा झेल चुका तथा गृहयुद्ध के साथ आतंकवादी संगठनों की सक्रियता ने सीरिया को तबाह किया है।नाइजीरिया का उत्तर-पूर्वी इलाका जहां बोको हराम जैसे आतंकी संगठन से बुरी तरह से प्रभावित है, वहीं पर हमारा देश भारत सीमा-पार आतंकवाद, कश्मीर और बड़े शहरों में हुए आतंकी हमलों से प्रभावित है।गृहयुद्ध और आतंकी गुटों की मौजूदगी के कारण यमन में भारी संकट है तो माली (सहेल क्षेत्र में सक्रिय आतंकी संगठनों के कारण) हिंसा का शिकार है।फिलिस्तीन/इज़राइल क्षेत्र तो लंबे समय से संघर्ष और आतंकी हमलों का सामना कर ही रहा है और यह बात किसी व्यक्ति विशेष से छिपी हुई नहीं है।सच तो यह है कि आतंक की समस्या आज केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देश इसकी चपेट में हैं। हालिया मामला ऑस्ट्रेलिया का है, जहां सिडनी में यहूदी समुदाय पर किया गया हमला पूरे देश को झकझोर देने वाला साबित हुआ है।आतंकियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक गोलीबारी कर दी, निर्दोष लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

वास्तव में युवा आतंकियों ने यहां शांति भंग करने व आतंक फैलाने के उद्देश्य से इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि आज कई जगहों पर युवा और किशोर आतंकवाद या कट्टर विचारधाराओं की ओर लगातार आकर्षित हो रहे हैं, खासकर ऑनलाइन यूर इंटरनेट के ज़रिये। वास्तव में यह एक गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि ,इससे निपटने के लिए दुनिया भर के सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ, सरकारें व सेनाएं भी लगातार सतर्क हो रही हैं। गौरतलब है कि एक संयुक्त चेतावनी में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और न्यूज़ीलैंड जैसी 'फाइव आइज' सुरक्षा एजेंसियों ने यह बात कही है कि युवा रेडिकलाइज़ेशन (कट्टर विचारों के प्रभावित होने) की संख्या बढ़ रही है। इससे जुड़े मामलों में लगभग 20% प्राथमिक आतंकवाद के मामलों में युवा शामिल हैं।ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने भी यह बात कही है कि बहुत छोटे बच्चे भी ऑनलाइन उग्रवादी सामग्री तक पहुँच रहे हैं, जिनमें से कई 17 वर्ष या उससे कम आयु के हैं। इतना ही नहीं,घरेलू स्पाई एजेंसी एएसआईओ(ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइज़ेशन)का 2025 का विश्लेषण भी दिखाता है कि युवा अधिक 'डिजिटल नेटिव' (ऑनलाइन-पहला) पीढ़ी बन रहे हैं, और यह ऑनलाइन वातावरण उन्हें चरम विचारों की ओर आकर्षित कर सकता है। हाल फिलहाल,पाठकों को यह जानकारी होगी कि इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़-भाड़ वाले इलाके में ही किया गया था, जिसमें युवा हमलावर शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया कि हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कुछ सफेदपोश पेशेवर—जैसे डॉक्टर और इंजीनियर(जिसे व्हाइट कालर टेररिज्म भी कहा जाता है) भी शामिल थे। वास्तव में, आतंकवाद का यह बदला हुआ और खतरनाक चेहरा आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। भारत लंबे समय से आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हुए है। हालांकि, सीमापार आतंकवाद, जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में जानकारी दे चुका हूं कि, हमारे देश के लिए बड़ी समस्या रहा है, लेकिन अब आतंक का स्वरूप और भी जटिल हो गया है। यह कब, कहां और किसे निशाना बना ले, इसका अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। कई बार तो खुफिया एजेंसियां भी ऐसी वारदातों को समय रहते रोकने में नाकाम साबित होती हैं। अक्सर मीडिया के हवाले से खबरें आतीं रहतीं हैं कि अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का संगठित तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ ऑनलाइन एप और डिजिटल माध्यम भी आतंकियों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके की जांच ने आतंक के इसी नए पैटर्न को उजागर किया है, जिसमें उच्च-शिक्षित पेशेवरों की संलिप्तता सामने आई है।इसी कारण सुरक्षाबलों के सामने अब 'व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम' को तोड़ना सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की भूमिका काफी अहम और महत्वपूर्ण है। वास्तव में आम आदमी को आज सतर्क रहना होगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को देनी होगी।अक्सर देखा गया है कि आतंकी समाज के बीच ही छिपकर रहते हैं। इसलिए आम आदमी को चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नज़र रखनी होगी,सतर्क और जागरूक रहना होगा।सच तो यह है कि आतंकवाद के निरंतर बदलते स्वरूप से निपटने के लिए नए और प्रभावी तरीकों को समय रहते अपनाना होगा। इसके मूल कारणों को समझकर उन्हें खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। आतंकवादियों और आतंकवाद से निपटने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, वैचारिक जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी हैं।

जब तक आतंकवाद के मूल कारणों-जैसे कि गरीबी, कट्टरपंथ, भेदभाव और गलत प्रचार आदि पर प्रभावी ढंग से प्रहार नहीं किया जाएगा, तब तक इसका स्थायी समाधान संभव नहीं है। निष्कर्षतः, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई एक देश या सरकार की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सू- दोकू क्र. 259

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.258 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 259

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## राशिफल

मेष राशि मेष राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत से भरा हुआ होगा. ऐसे में आपको आज ज्यादा भागदौड़ करनी होगी. सफलता पाने के लिए आपको अपने अंदर कुछ छोटे-मोटे बदलाव लाना होगा. आपको आलस्य से बचना होगा. जो लोग नौकरी करते हैं आज के उनको इसमें कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है. सहकर्मियों के साथ बेहतर ताममेल बनाकर चलना होगा.

वृषभ राशि वृषभ राशि वालों को आज के दिन कुछ परेशानियों का सामना करना होगा. आपका धन अधिक खर्च हो सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पर इसका नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा. लेकिन कुछ कामों आपको जल्दी और अच्छी सफलता भी मिल सकती है. भाग्य का पूरा साथ आपको मिलेगा. पूर्व में किए गए निवेश का फायदा आपको मिलेगा. वहीं जो लोग किसी तरह के बिजनेस आदि करते हैं उनको उसमें अच्छा मुनाफा मिल सकता है.

मिथुन राशि मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. पिछले कई दिनों से जो काम आपके नहीं हो पा रहे थे वह आज पूरे होंगे. आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी और कार्यक्षेत्र में आपको पहले के मुकाबले बेहतर परिणाम की प्राप्ति होगी. कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर की प्राप्ति होगा. नौकरी में आज के दिन आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है बॉस की तरफ से आपका काम पूरा हो सकता है.

कर्क राशि कर्क राशि वालों के लिए आज अचानक से खर्चों में इजाफा हो सकता है. ऐसे में आपको अपनी योजना में बदलाव लाना होगा. जो लोग किसी तरह का व्यापार आदि किसी साझेदार से मिलकर करना चाह रहे हैं उनको आज धोखा मिल सकता है. घर-परिवार में आज के दिन बाकी सदस्यों का आपको भरपूर साथ मिलेगा. जीवन साथी संग किसी मामले में बातचीत हो सकती है.

सिंह राशि वालों के लिए रविवार का दिन शुभ और लाभकारी साबित होगा. आज कामकाज में प्रगति और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. कार्यक्षेत्र में आज के दिन आपको बेहतर तालमेल बनाकर चलना होगा और सहकर्मियों संग संवाद स्थापित करते हुए काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा. आपको अपनी वाणी और क्रोध को संयमित रखना होगा. घर-परिवार के मामले में आज किसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

कन्या राशि कन्या राशि वालों को आज के दिन कई मामलों में अच्छे फल की प्राप्ति के योग बन रहे हैं. करियर-कारोबार के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा. जो लोग नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे हैं उनको आज कोई अच्छा मौका मिल सकता है. नौकरी में बदलाव के प्रयास सफल होंगे. भाग्य का साथ नौकरी के साथ-साथ बिजनेस के कामों में मिलेगा. आपको आज पूर्व में किए गए गए किसी निवेश से अच्छा लाभ हो सकता है. लेकिन आज के दिन आपको किसी अनजान व्यक्ति के झांसे में आने से बचना होगा. साथ ही धन उधार नहीं देना है नहीं तो इसकी वापसी संभव नहीं होगी. आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा, वहीं प्रेम संबंधों में साथी के संग मौज-मस्ती में बीतेगा.

तुला राशि तुला राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ और कामयाबी से भरा हुआ होगा. भाग्य का अच्छा साथ मिलने से कमाई और उन्नति के अवसरों में वृद्धि होगी. बिजनेस करने वाले लोगों को कमाई के बेहतरीन अवसर मिलेंगे. आपके लिए आज का दिन कुछ आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के अवसर देगा. आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर रहेगी. जो लोग नौकरीपेशा हैं उनको अपने सहकर्मियों का बेहतर सहयोग मिलेगा. घर-परिवार में आज किसी तरह का कोई धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है. आपकी धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. लव लाइफ के मामलों में आज का दिन आपके लिए अच्छा नहीं रहेगा. साथी आपकी किसी बात को लेकर आपसे नाराज हो सकता है.

वृश्चिक राशि वृश्चिक राशि वालों को आज घर और बाहर संतुलन बनाकर चलना होगा. आज के दिन कुछ नई जिम्मेदारी आपके कंधों में आ सकती है. आर्थिक मामलों में आापको संभलकर चलना होगा और सुख-साधनों में आज के दिन वृद्धि होगी. जो लोग प्रॉपर्टी के काम धंधे से जुड़े हुए हैं आज उनको कोई अच्छी डील हासिल हो सकती है. आज अचानक से आपको धन की प्राप्ति होगी और अधूरे काम पूरे होंगे. जिन लोगों का कोई काम आज अटका हुआ है वह पूरा हो सकता है. आज के दिन वैवाहिक जीवन में आपको बहुत ही धैर्य और संयम से काम लेना होगा. जीवनसाथी संग बेहतर तालमेल बनाकर चलना होगा. आपसी मतभेद को भूलकर आगे बढ़ने का दिन है.

धनु राशि धनु राशि वालों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा. कुछ मामलों में आपको भाग्य का साथ मिलेगा तो कुछ में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. दिन काफी व्यस्तता से भरा हुआ होगा. आज के दिन आपको कार्यक्षेत्र में बेहतर अवसर की प्राप्ति हो सकती है. आपको आज के दिन सरकारी योजना का अच्छा लाभ मिलेगा. वैवाहिक जीवन में जीवन साथी संग रोमांटिक पलों का आनंद आपको मिलेगा. आज शाम के समय घर परिवार के सदस्यों संग बाहर खान खाने के लिए जा सकते हैं.

मकर राशि मकर राशि वालों को आज के दिन लापरवाही करने से बचना होगा. कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से बेहतर तालमेल के साथ काम करना होगा. आज के दिन आपके ऊपर आलस्य और लापरवाही हावी हो सकता है. ऐसे में किसी काम को करते समय बहुत ही ध्यान से काम करना होगा. आज आप किसी से न धन लें और न ही उधार धन दें. आपको किसी दूसरे की बातों में निवेश संबंधी फैसला लेने से बचना होगा. आपको आज किसी से वाद-विवाद से बचकर रहना होगा. आपको आज के दिन वैवाहिक और प्रेम जीवन में सामंजस्य बनाकर चलना होगा. सेहत में आज के दिन आपको परहेज करने से बचना होगा.

कुंभ राशि कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. जोश, उत्साह और आत्मविश्वस से दिन भरपूर रहेगा. आपकी आज के दिन भौतिक सुख-सुविधाओं की चाहत पूरी होगी. कोई बड़ी इच्छा पूरी होने का दिन आज है. नौकरीपेशा जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा. कुंभ राशि वालों आज के दिन किसी भी तरह का निवेश संबंधी फैसला लेना अच्छा रहेगा जिससे आपको भाग्य का बेहतर साथ मिलेगा. आज के दिन आपको किसी तरह की लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर मिलेगा.

मीन राशि मीन राशि वालों को आज के दिन उनको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा. कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहेगा. आज के दिन आपको अपनी मेहनत और लगनशीलता का लाभ आपको मिलेगा. आज जो काम काफी समय से अटका हुआ था वह आज दोस्तों की मदद से पूरा होगा. आज के दिन किसी कानूनी मामलों में आपको थोड़ा संयम बरतना होगा नहीं तो इसका नुकसान आपको हो सकता है. नौकरी में आज आज आपके ऊपर काम का दबाब ज्यादा रहेगा जिससे आप परेशान हो सकते हैं. वहीं जो लोग अपना किसी तरह का व्यापार आदि करते हैं उनके लिए दिन सामान्य रहेगा.

# हवा हवाई हुये हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के 'जुमले'

तनवीर जाफ़री



भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसंबर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हज़ार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं । जिससे देश भर में हज़ारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई,इंदौर,दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफ़रा तफ़री के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नज़र आता है। हवाई संचालन में आये इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताये जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी ख़राबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फ़ायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक मंहगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज़्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ़्लाइट का 1.02 लाख तक पहुँच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000+ तक वसूल किये गये। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गयी। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण ख़ासकर इंडिगो की 60%+ मार्केट शेयर वाली फ़्लाइट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ़्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया ,एयर इण्डिया एक्सप्रैस,इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थायी कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके। अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफ़रातफ़री के सन्दर्भ में ज़रा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिये जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा था कि




"मैं चाहता हूँ कि हमारे गाँव के ग़रीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज़ में बैठें। मैं ये सपना देखता हूँ कि जिस ग़रीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज़ में सफ़र करे। क्या ये सपना देखना गुनाह है?" मोदी ने यह 'भावनात्मक जुमले 'कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराये। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफ़ी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान ) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहाँ इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), मोपाह एयरपोर्ट, गोवा (गोवा का दूसरा एयरपोर्ट), देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश); आगत्ती (लक्षद्वीप),रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश),अलीगढ़, आज़मगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नये एयर पोर्ट विकसित किये गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नये टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है। अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से ग़रीबों को फ़ायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की ग़रीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ़्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हज़ार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं ख़रीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हज़ार की कैसे ख़रीद सकते हैं ? यदि नहीं तो मोदी के उन 'जुमलों ' की क्या हक़ीक़त जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले ग़रीब की हवाई यात्रा की 'जुमलेबाज़ी ' करते हैं ? हाँ विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फ़ायदे ज़रूर हुये हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66% से अधिक बाज़ार पर क़ब्ज़ा कर चुकी हैं। इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया, और लागत नियंत्रण (जैसे ईंधन दक्षता) से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रखरखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फ़ायदा अडानी को पहुँच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक़्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहाँ नज़र आती है ? इस तरह की 'जुमलेबाज़ियाँ' आकर्षक,लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो ज़रूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आये विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा जैसे 'जुमले' ही हवा हवाई कर दिये।

# वेस्टर्न कोक प्रोडक्ट्स को पखवाड़े भर में बंद कराएं,अन्यथा प्रदर्शन कर फैक्ट्री में जड़ेंगे ताला

**कोरबा 15 दिसंबर।** ग्राम गोढ़ी में संचालित वेस्टर्न कोक प्रोडक्ट्स (कार्बन फैक्ट्री) के खिलाफ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदूषण ,श्रमिकों के शोषण एवं दुर्घटना संबंधी गंभीर मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए फैक्ट्री को बंद करने की मांग की है। शिकायत पत्र पर कार्रवाई न होने की दशा में पीड़ितों ग्रामीणों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए फैक्ट्री में ताला जड़ने की चेतावनी दी गई है।



संघ के जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुर्रे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम गोढ़ी में सुभाष अग्रवाल एवं अंकुश अग्रवाल द्वारा संचालित वेस्टर्न कोक प्रोडक्ट्स (कार्बन फैक्ट्री) से निरंतर प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिससे ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र में पर्यावरणीय क्षति हो रही है। फैक्ट्री से निकलने वाला प्रदूषण गांव के निवासियों में विभिन्न बीमारियों का कारण बन रहा है तथा खेती की भूमि, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जंगल, नदी-नाले आदि प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही, फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों के साथ घोर अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। बेरोजगार युवकों को रोजगार का प्रलोभन देकर बुलाया जाता है, किंतु उन्हें जातिसूचक गाली-गलौज, अपमान, मारपीट एवं कम मजदूरी दी जाती है। मजदूरी का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता तथा मनमाने ढंग से नौकरी से निकाल दिया जाता है। विशेष रूप से, ग्राम कदमझरिया (ग्राम पंचायत गढ़उपरोड़ा) निवासी संतोष कुमार कोरवा, पिता बुटुराम कोरवा, आयु 17 वर्ष (कोरवा जाति, अनुसूचित जनजाति) वर्ष 2022-23 में उक्त फैक्ट्री में मजदूरी कर रहे थे। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। फैक्ट्री संचालकों एवं सुपरवाइजर द्वारा सुरक्षा उपकरणों के बिना भारी एवं जोखिमपूर्ण कार्य करवाया जाता था। कार्य से इंकार करने पर हाथापाई, धमकी एवं दबाव डाला जाता था। कार्य के दौरान कार्बन प्लास्टिक मशीन में उनका दायां हाथ फंस जाने से हाथ कट गया, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है तथा जीवन-यापन में गंभीर कठिनाइयां आ रही हैं। उक्त फैक्ट्री के विरुद्ध पूर्व में भी समय-समय पर शिकायतें प्राप्त होती रही हैं, किंतु अब तक कोई प्रभावी जांच अथवा कार्रवाई नहीं की गई है।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष श्री कुर्रे ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उक्त गंभीर शिकायतों की निष्पक्ष जांच करवाते हुए प्रदूषण नियंत्रण, श्रम कानूनों का उल्लंघन एवं दुर्घटना के संबंध में यथोचित कार्रवाई करें तथा जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु फैक्ट्री को शीघ्र बंद करवाएं। पखवाड़े भर के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी पीड़ितों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं आवश्यक कदम उठाएगी तथा फैक्ट्री को ताला मारने का कार्य करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।शिकायत की प्रतिलिपि एसपी को भी दी गई है।

## एक नजर

### सड़क हादसा में मानिकपुर खदान कर्मी की मौत, साथी घायल

**कोरबा 15 दिसंबर।** जिले में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मानिकपुर खदान में कार्यरत एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरदा मुख्य मार्ग पर हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के पंतोरा स्थित बुढ़ना गांव निवासी 23 वर्षीय रवि शंकर यादव अपने एक साथी के साथ मानिकपुर खदान से काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। तरदा के पास सड़क किनारे खड़े एक ब्रेकडाउन हाईवे वाहन से उनकी बाइक जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक वाहन के पहिए के नीचे आ गए और मौके पर ही बेहोश हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने रवि शंकर यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके साथी को मामूली चोटें आईं, जिसका उपचार जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल युवक ने पुलिस को बताया कि वह बाइक चला रहा था और रवि शंकर पीछे बैठा हुआ था। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक सड़क पर खड़े वाहन से टकरा गई। बताया गया कि रवि शंकर यादव मानिकपुर खदान में एक निजी कंपनी में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। मृतक के पिता मिंझ राम ने बताया कि रवि शंकर उनके दो बेटों में सबसे बड़ा था और परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। बेटे की मौत की सूचना मिलने पर वे तुरंत जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### जनपद सीईओ ने की विकास कार्यों की समीक्षाः समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश

**कोरबा 15 दिसंबर।** जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की सचिवों की बैठक में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला खनिज न्यास मद, समग्र शिक्षा, सांसद एवं विधायक मद, 14वें वित्त आयोग की ब्याज राशि तथा नेशनल हाईवे से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य, विशेषकर शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं पीडीएस भवनों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बन रहे सामुदायिक शौचालय एवं शेड के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद की 4 पंचायतों में निर्माणाधीन अटल डिजिटल सेवा केंद्रों को 26 दिसंबर के पूर्व पूर्ण करने तथा सभी अटल चौकों की साफ-सफाई व रंग-रोगन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की अलग से समीक्षा करते हुए दिसंबर माह तक पूर्णता लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी पंचायत भवनों को प्रतिदिन खोलने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा प्रत्येक सोमवार को सभी सचिवों को अनिवार्य रूप से कार्यालय में बैठकर कार्य करने के आदेश दिए गए। बैठक में धीमी प्रगति वाले निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पंचायतों को नोटिस जारी किए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि आगामी बैठक तक यदि कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाई गई तो वसूली की कार्रवाई हेतु प्रकरण भेजा जाएगा। जनपद पंचायत प्रशासन की इस सख्ती से विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### कलेक्टर मेरा 'मामा ' कौन क्या बिगाड़ सकता है ,की मारपीट , एफआईआर दर्ज

**कोरबा 15 दिसंबर।** हमारी पहुंच कलेक्टर तक है। कलेक्टर मेरा मामा है, कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता ..कहकर महिला से मारपीट करने वाले के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थिया टिकैतिन बाई पति जोहितराम 45 साल ग्राम माखनपुर थाना पाली की निवासी है। घटना दिनाँक 30 नवम्बर को शाम 4 बजे राजपाल सिंह पिता समारसिंह गोड, बहोरिक राम पिता सम्मारसिंह गोड एवं उनके सहयोगियों के द्वारा एक राय होकर नशे में धुत होकर उसके साथ गाली- गलौच कर धक्का-मुक्की करते हुए म हाथ में गंभीर चोंटे लगाया। प्रार्थिया और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए इनके द्वारा कहा गया कि हमारी पहुंच कलेक्टर तक है, कलेक्टर मेरा मामा है कहते हुए मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। 30 नवम्बर को पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा में प्रार्थिया व उसके परिवार वालों के विरूद्ध फर्जी शिकायत किया गया। इस सब घटना से प्रार्थिया बहुत ही ज्यादा परेशान हुई। वे लोग लगातर मारपीट तथा गाली-गलौच करने की धमकी दे रहे हैं।

---

एनएमडीसी टाऊनशिप की सुरक्षा में चूक, विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में सीडीओ सुरक्षा एजेंसी कर रही भ्रष्टाचार

# सीडीओ सुरक्षा एजेंसी पर सवालिया निशान





**बचेली 15 दिसंबर।** सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी के संचालक एवं एनएमडीसी बचेली में पदस्थ वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मिलकर सुरक्षा गार्डो के नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपयो का कर रहें हेरा फेरी बी.आई.ओ.एम बचेली कॉम्प्लेक्स में पदस्थ विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में वर्षो से चल रहा यह सेटिंग का खेल प्रतिदिन 3 सिफ्ट में कुल 133 गार्डो की तैनाती होनी हैं प्रंतु वरिष्ठ अधिकारियों से सांठ गाँठ कर ठेकेदार 70 से 75 सिक्योरिटी गार्ड से ही चला रहा काम प्रतिदिन 55 से 60 गार्डो की वेतन अधिकारी एवं सीडीओ सिक्युरिटी गार्ड के संचालक कर रहें गमन विभागीय अधिकारियों एवं सी.डी.ओ सिक्युरिटी एजेंसी की लापरवाही लौहनगरी बचेली टाऊनशिप के लिये गंभीर चिंता का विषय है इस तरह की लापरवाही से नगर सुरक्षा पर सवालिया निशान लग रहें है।

बचेली एनएमडीसी परियोजना में कार्यरत अधिकारी कर्मचारीयो के लिये यह आवश्यक है की नगर की सुरक्षा में कोई चूक न हो एवं नगर के लोगों की सुरक्षा और शांति के लिए सुरक्षा गार्ड बेहद महत्वपूर्ण है जिसे गम्भीरता से लेते हुए सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी को अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से पालन करना चाहिए और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना चाहिए। लौहनगरी बचेली में स्थित विष्व प्रसिद्ध नवरत्न कम्पनी एन एम डी सी माइनिंग छेत्र की सुरक्षा के लिए सी आई एस एफ एवं टाऊनशिप की सुरक्षा के लिये सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी की तैनाती कर रखी हैं जहाँ सी आई एस एफजवान अपनी कर्तव्यों का पालन निष्ठा के साथ माइनिंग व खनन छेत्र में कर रही है। वहीं ईसकी विपरीत दूसरी ओर एन एम डी सी द्वारा अपने टाऊनशिप, परियोजना अस्पताल ,विश्राम गृह, वर्कशॉप,भांसी आई टी आई सहित कई महत्त्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा सी डी ओ सिक्योरिटी एजेंसी को सौंपीं गई है। जिसके लिए एन एम डी सी द्वारा प्रति वर्ष करोड़ो रूपये खर्च किया जाता है लेकिन सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी के ठेकेदार मैनेजर एनएमडीसी के वरिष्ट विभागीय अधिकारियों से सांठ गाँठ कर भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें आपको बता दें कि विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा के लिए एन एम डी सी द्वारा तीनो पाली में अनुमानित 133 गार्ड की टेंडर प्रक्रिया कि गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा मात्र 70 से 75 गार्ड ही रखा गया है और 133 गार्ड का वेतन एन एम डी सी से लिया जा रहा है सूत्रों से यह भी जानकारी भी मिल रहीं हैं की जहाँ 4 गार्ड की तैनाती होना है वहाँ 2 ही गार्ड से कार्य करवाया जा रहा है गार्ड की कमी से रोजाना एन एम डी सी परियोजना छेत्र से लोहा स्क्रैप की चोरी हो रही है सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी की कार्यकाल अवधि समाप्त हो जाने के वावजुद एन एम डी सी प्रबंधन द्वारा नई निविदा आमंत्रित ना करके भ्रस्टाचारियो पर प्रति वर्ष करोड़ो रूपये खर्च कर रहीं हैं जो की अधिकारीयो की सांठ गाँठ की ओर इशारा कर रहा है

> बचेली एनएमडीसी के अधीन कार्य कर रहीं सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी में कार्यरत गार्डो की जानकारी हम किसी से साझा नहीं करते आपको इसकी सुचि चाहिए तो राकेश रंजन जी से ले लीजिए
>
> **रंजीत ( मैनेजर ) सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी बचेली**
>
> समय-समय में मुझे सिक्योरिटी गार्ड एजेंसी की लापरवाही की शिकायत मिल रही है मेरे जूनियर अमरदीप से कहता हूं आपको इसकी सूची उपलब्ध कराने के लिए।
>
> **राकेश रंजन ( ए.जी.एम ) एनएमडीसी बचेली**
>
> मेरे उच्च अधिकारी राकेश रंजन सर की लिखित आदेश होने के पश्चात ही मैं सिक्योरिटी गार्ड की सूची आपको उपलब्ध करवा सकूंगा।
>
> **अमरदीप सरोवर ( ए.एम ) एनएमडीसी बचेली**

---

पंजीयन सुधार में दिक्कत, घुमाया जा रहा

### धान खरीदी अभियान में तकनीकी पेचिदगियों की वजह से घटा रकबा, किसान परेशान

**कोरबा 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का धान खरीदने का कार्य किया जा रहा है लेकिन इसमें कई तरह की गड़बड़ियां सामने आने से किसान काफी परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों के खेत का रकबा कम होने को लेकर है। इसे लेकर किसान काफी नाराज चल रहे हैं। लेमरू उपार्जन केंद्र के अंतर्गत आने वाले सात गांव के किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि इस तरह की लापरवाही से वह अपना पूरा धान बेच नहीं पा रहे हैं। किसानों ने कहा है कि 7 गांव के 340 पंजीकृत किसानों के द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय घेराव की तैयारी की जा रही है। समय रहते अगर उनके रकबा में सुधार नहीं किया जाता है तो वह आंदोलन करने के लिए तत्पर हैं। लेमरू उपार्जन केंद्र के किसानों ने बताया कि छूटे हुए खसरों के रकबा को ठीक करने के लिए कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया है लेकिन शिविर में जाने पर अधिकारियों के द्वारा घुमाया जा रहा है। ऐसे में वह आखिर कितनी बार चक्कर काटें। इस तरह की समस्या का शीघ्र निराकरण करने की आवश्यकता है ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपना पूरा धान बेच सकें। इधर, कोरबा जिले के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड- कोरबा/करतला/कटघोरा/पाली/पोड़ीउपरोड़ा को कृषि विभाग से पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि धान उपार्जन हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत किसानों का एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत जारी फार्मर आई.डी. में छुटे हुये खसरों को जोड़ने आवश्यक कार्यवाही 10 से 20 दिसम्बर तक किया जाय। कहा गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान उपार्जन हेतु किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन एवं एग्रीस्टेक पोर्टल में संबंधित किसान का फार्मर आई.डी. बनाया जाकर समस्त खसरों का जोड़ना भी आवश्यक है। दिनांक 05.12.2025 तक की स्थिति में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों के 27296 खसरें, जो एग्रीस्टेक में न्थ्त् (न्चकंजम थ्ंतउमत त्मुनमेज) आवेदन हेतु लंबित प्रदर्शित हो रहे हैं, उक्त संबंध में पूर्व में जारी निर्देश अनुसार कार्यवाही की जाय। एग्रीस्टेक पोर्टल में खसरा जोड़ने की कार्यवाही किसान स्वयं से, समिति के एग्रीस्टेक लॉगिन से अथवा लोक सेवा केन्द्र के लॉगिन से करा सकते हैं। जिस हेतु आवश्यक दस्तावेज ऋण पुस्तिकाध्बी-1, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाईल नंबर है।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में 'जनजाति गौरव माह-2025' पर कार्यशाला आयोजित

**सुकमा,15 दिसंबर।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में 11 दिसंबर को 'जनजाति गौरव माह-2025' के अंतर्गत जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत एवं योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पी. विजय ने कहा कि जनजातियों के विकास से ही बस्तर क्षेत्र का विकास संभव है। मुख्य वक्ता श्री नैनी जांगैय्या ने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम कोंटा श्री सुभाष शुक्ला ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री डी. सुरेश बाबु ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दुष्यंत कुमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन मुकेश कुमार पटेल ने किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**सुकमा, 15 दिसंबर।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा शनिवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी श्री जी.आर. मंडावी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बॉयज़ हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा एवं डीएवी स्कूल सुकमा में पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन की स्थिति का अवलोकन किया। जिला शिक्षाधिकारी ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। नवोदय विद्यालय सुकमा में पंजीकृत 1536 विद्यार्थियों में से 1355 विद्यार्थी उपस्थित रहे, वहीं नवोदय विद्यालय कोंटा में पंजीकृत 648 विद्यार्थियों में से 560 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की।

### 3 वर्षों से अधूरे पड़े 10 आश्रम-छात्रावास निर्माण कार्यों पर जिला प्रशासन ने की वस्तुस्थिति स्पष्ट

**सुकमा, 15 दिसंबर।** कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सुकमा द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित 03 वर्षों से अधूरे पड़े 10 आश्रम-छात्रावास संबंधी समाचार के संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान जिले में कुल 19 आश्रम-छात्रावास भवनों के निर्माण कार्यों को विधिवत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 आश्रम-छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है, जहां छात्र-छात्राओं के प्रवेश उपरांत संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 04 भवनों में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नवीन विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूर्ण होते ही संचालन तत्काल प्रारंभ किया जाएगा। शेष 10 भवनों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है, जिसे जिला निर्माण समिति, सुकमा द्वारा निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समस्त प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर सभी भवनों को विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। तत्पश्चात इन भवनों का शिक्षण एवं आवासीय प्रयोजन हेतु पूर्ण रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं सुलभ हो सकें।

---

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 का द्वितीय चरण

**सुकमा,15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के द्वितीय चरण के अंतर्गत सुकमा जिले के 227 डी-ग्रेड विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण 15 दिसंबर 2025 को किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मंडावी ने बताया कि प्रथम चरण का सामाजिक अंकेक्षण 8 अक्टूबर 2025 को जिले के सभी 1,033 शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में संपन्न हुआ था, जिसमें जनप्रतिनिधि, पालक, विद्यालय प्रबंधन समिति, सेवानिवृत्त शिक्षक, भूतपूर्व छात्र एवं गणमान्य नागरिकों की व्यापक सहभागिता रही। प्रथम चरण के परिणामों के आधार पर विद्यालयों को ए, बी, सी एवं डी ग्रेड में वर्गीकृत किया गया है।द्वितीय चरण में डी-ग्रेड प्राप्त विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का पुनः आकलन कर शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं शिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। अभियान का उद्देश्य सतत निगरानी, जवाबदेही एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जिले के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### कलेक्टर के निर्देश पर समूह की दीदियों को लखपति बनाने की कार्ययोजना तैयार

**कोंडागांव,15 दिसंबर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत जिले में गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदीबनाने के उद्देश्य से सुनियोजित कार्ययोजना पर अमल किया जा रहा है। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा दिए गए निर्देशों के तारतम्य में, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।इस योजना के तहत फार्म एवं नॉन-फार्म आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादक समूहों के संगठन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कैडर का चयन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# वनवासियों को मिला कानूनी हक

- 197 हितग्राहियों को 'वन अधिकार पत्र' वितरित
- चिंतलनार में 'वन अधिकार पत्र' वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सुकमा,15 दिसंबर।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों को उनके पारंपरिक काबिज वन भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह पहल न केवल हजारों परिवारों की आजीविका को मजबूत कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रही है।चिंतलनार में भव्य आयोजनः 197 हितग्राहियों को मिला कानूनी हकरविवार को कोंटा विकासखंड के ग्राम चिंतलनार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में, एसडीएम कोंटा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में, 7 गाँवों के 197 व्यक्तियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टे वितरित किए गए। ये पट्टे उन आदिवासियों को दिए गए हैं जो पीढ़ियों से जंगलों में निवास करते आए हैं।

**वनाधिकार प्राप्त हितग्राहीः** कार्यक्रम में केरलापेंदा के 17, पुलनपाड के 42, लखापाल के 25, तोंगपल्ली के 58, तोकनपल्ली के 17, मोरपल्ली के 23 और पेदाबोड़केल के 18 ग्रामीणों को वनाधिकार पट्टा वितरित किया गया। वन अधिकार पत्र प्राप्त होने से इन हितग्राहियों की खेती-किसानी को बढ़ावा देने और आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण सहूलियत हो रही है।

**वन प्रबंधन और संरक्षण की जिम्मेदारीः** स्थानीय समुदायों को अब वनोपज संग्रहण, जड़ी-बूटियों के समुचित दोहन का कानूनी अधिकार मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इन समुदायों को वनों के प्रबंधन, संरक्षण और उपयोग की जिम्मेदारी भी दी गई है, जिससे जैव विविधता की रक्षा हो रही है और वनों की सुरक्षा में स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित हो रही है।

**सामाजिक अधिकार और विकास में भागीदारीः** ये पट्टे सिर्फ भूमि के अधिकार नहीं हैं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम हैं। इससे उनके सामाजिक अधिकारों की रक्षा हो रही है और विकास योजनाओं में उनकी भागीदारी बढ़ी है। यह पहल सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में भी व्यापक पैमाने पर मदद कर रही है।

**कार्यक्रम में उपस्थितिः** कार्यक्रम में एसडीएम सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव, तहसीलदार योपेंद्र पात्रे, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जनप्रतिनिधि नूपुर वैदिक, बलीराम नायक, जनपद सदस्य मडकम भीमा, तेलाम हिडमे, आरुषि राव, माडवी मासे, सरपंच चिंतलनार कोरसा लक्ष्मणी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीखेगा बचपन एफएलएन मिडलाईन असेसमेंट आज

**सुकमा,15 दिसंबर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत योजना एवं एफएलएन लक्ष्य मिशन 2026-27 के तहत जिले में 15 दिसम्बर को सीखेगा बचपन ङ्क एफएलएन द्वितीय असेसमेंट (मिडलाईन मूल्यांकन) का आयोजन किया जा रहा है। यह मूल्यांकन जिले की सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों के लिए होगा।जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मण्डावी ने बताया कि इस मूल्यांकन में कक्षा पहली के 6,653, दूसरी के 7,575 एवं तीसरी के 7,417 विद्यार्थी शामिल होंगे।

---

खेल, संस्कार और अनुशासन का संगम

# ओलंपिक मशाल के साथ शुरू हुआ अरुणोदय किड्ज का वार्षिक खेल दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 दिसंबर।** अरुणोदय किड्ज़, दंतेवाड़ा में 12 एवं 13 दिसंबर 2025 को वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।





कार्यक्रम का शुभारंभ दंतेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर एपीएस की प्राचार्या श्रीमती नीलिमा रथ तथा कार्यकारी निदेशक प्रखर महापात्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसमें ज्ञान और विवेक की मंगल कामना की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंग-बिरंगे एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

ओलंपिक मशाल प्रज्वलन के साथ वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जो एकता, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रतीक रहा। दो दिनों तक विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ऊर्जा, कौशल और टीमवर्क का प्रभावी प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान अभिभावकों के लिए भी विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। यह आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अविस्मरणीय स्मृतियाँ छोड़ गया।अरुणोदय किड्ज़ का यह वार्षिक खेल दिवस बच्चों के शारीरिक सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ उनके मानसिक विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक सफल और प्रेरणादायक मंच सिद्ध हुआ। यह संपूर्ण आयोजन एपीएस के निदेशक श्री संतोष महापात्रा के प्रेरणादायक मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

स्वागत भाषण आद्विक ने दिया– इस वार्षिक खेल दिवस का स्वागत भाषण कक्षा तीसरी के छात्र आद्विक सिंह भदौरिया ने प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में आद्विक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन बसता है। खेल न केवल हमें स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और टीमवर्क की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने वार्षिक खेल दिवस में आयोजित विभिन्न खेलों की जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण पूरा प्रयास करना है तथा प्रत्येक क्षण का आनंद लेना चाहिए।

## एक नजर

### रायगढ़ में शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में अत्यधिक गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल जगत ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ-पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएँ बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी-जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीत लहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है। सुबह एवं शाम के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, गर्म भोजन व पेय पदार्थों का सेवन करने तथा ठंड में भी पर्याप्त पानी पीने की अपील की गई है। साथ ही धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई है।

घर के अंदर हीटर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने तथा बंद कमरों में अंगीठी या कोयला न जलाने की चेतावनी दी गई है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने का खतरा रहता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्माहट देने की आवश्यकता बताई गई है। यात्रा के दौरान कोहरे को ध्यान में रखते हुए सुबह व देर शाम यात्रा से बचने, वाहन धीमी गति से चलाने तथा हेडलाइट व फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। खेतों में कार्य करने वाले किसानों को गर्म कपड़े पहनने और समय-समय पर विश्राम करने की सलाह दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में अत्यधिक ठंड लगने, सांस लेने में कठिनाई या बेहोशी की स्थिति होने पर 108 एम्बुलेंस सेवा अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शीतलहर से संबंधित उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कबीरधाम में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन, बड़ी संख्या में प्रकरण निराकृत

कवर्धा, 15 दिसंबर। छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 12 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 11 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम में तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय, पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जलकर से संबंधित प्रकरण रखे गए थे।उल्लेखनीय है कि, नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में कुल 38,50,000/- रूपये की अवार्ड राशि तथा व्यवहार वाद में कुल 8,24,000/- रूपये का आदेश पारित किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 02 परिवार न्यायालय कबीरधाम में पीठासीन अधिकारी श्री लीलाधर सारथी, द्वारा परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण में कुल 29 प्रकरण का निराकरण करते हुए वैवाहिक संबंधो में मधुरता स्थापित करते हुए सुखद दाम्पत्य का पुर्नस्थापन किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 03 पीठासीन अधिकारी श्रीमती योगिता विनय वासनिक द्वारा विद्युत प्रकरण में कुल 1,66,281/- रूपये राशि की वसूली करते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी अनुक्रम में राजस्व न्यायालय में कुल 25,187 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 25,187 लाभान्वित हितग्राहियों को कुल 32,71,05,934/- रूपये का निराकरण किया गया। इस प्रकार जिला कबीरधाम अंतर्गत परिवार न्यायालय, कबीरधाम में उक्त लोक अदालत में वैवाहिक प्रकरणों में 29 प्रकरणों का निराकरण करते करते हुए 32,71,05,934/- रूपये का निराकरण, नगर पालिका कबीरधाम द्वारा जलकर तथा दुकान किराया से संबंधित मामलो में 174 प्रकरण में 3,74,127 /- रूपये की वसूली की गई।

### प्रशासन ने लिया संज्ञान, संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद प्रकरण दर्ज

# धान उपार्जन केंद्र बुनगा में मानक से अधिक वजन, बारदाना स्टॉक में गड़बड़ी और किस्म बदलकर खरीदी का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** विकासखंड पुसौर अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र बुनगा में धान खरीदी के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानक वजन से अधिक धान खरीदे जाने, बारदाना स्टॉक में अंतर पाए जाने तथा मोटा किस्म धान की खरीदी दर्शाकर सरना धान खरीदे जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र में मौके पर पहुंचकर



भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान धान खरीदी नीति 2025-26 का उल्लंघन पाया गया, जिसके आधार पर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केंद्र बुनगा में प्राप्त शिकायत के आधार पर तहसीलदार पुसौर, नायब तहसीलदार पुसौर, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक एवं एपेक्स बैंक के पर्यवेक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त दल द्वारा एक दिन पूर्व खरीदी गई धान की बोरियों का रैंडम वजन लिया गया, जिसमें औसतन 40 किलो 915 ग्राम पाया गया। वहीं स्टैक में रखी बोरियों का औसत वजन 40 किलो 820 ग्राम पाया गया, जो कि शासन द्वारा निर्धारित मानक वजन से अधिक है। इसके अतिरिक्त स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 16 बोरा धान अतिरिक्त पाया गया।

ऑनलाइन खरीदी पत्रक के अनुसार उपार्जन केंद्र में सरना धान 2205 क्विंटल होना चाहिए था, जबकि भौतिक सत्यापन में 2580 क्विंटल सरना धान पाया गया। वहीं 1558 क्विंटल मोटा धान के विरुद्ध केवल 1188 क्विंटल पाया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि उपार्जन केंद्र में मोटा किस्म धान की खरीदी दर्शाकर सरना धान की खरीदी की जा रही थी। इसके साथ ही नए एवं पुराने बारदाना के उपयोग में भी अनियमितता पाई गई तथा खाली नए बारदाना के स्टॉक में भी अंतर पाया गया। उपार्जन केंद्र में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने के चलते जांच दल द्वारा विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जांच के समय उपार्जन केंद्र में प्रबंधक डिलेश्वर प्रधान, ऑपरेटर अभिलाष गुप्ता एवं बारदाना प्रभारी श्याम सुंदर साव उपस्थित थे।

### बैंकिंग और स्वरोजगार योजनाओं में तेजी लाने कलेक्टर की सख्ती, दिसंबर तक लंबित प्रकरण निपटाने के निर्देश

# जिले के बैंकिंग लक्ष्यों की समीक्षा, कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले में सितंबर तिमाही 2025 की समाप्ति पर जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने की।

बैठक में कृषि विभाग, जिला औद्योगिक केंद्र, पशुपालन विभाग, अंत्यावसायी विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, बागवानी, मत्स्य पालन तथा नगर निगम रायगढ़ के विभागीय प्रमुखों के साथ-साथ श्री सदानंद बास्की, लीड जिला अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक तथा श्री मिल्योर बड़ा, जिला विकास प्रबंधक की उपस्थिति रही। जिले के समस्त बैंकों के प्रतिनिधियों ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया। कलेक्टर के निर्देश पर बैठक का आयोजन श्री कमल किशोर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, रायगढ़ द्वारा किया गया।

एजेंडा के अनुसार बैठक में जिले के क्रेडिट-जमा अनुपात, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, एनआरएलएम, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला औद्योगिक केंद्र, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनाओं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना तथा विभिन्न सुरक्षा बीमा योजनाओं में हुई प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं बागवानी से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा की। उन्होंने बैंकरों को निर्देशित किया कि दिसंबर 2025 तक सभी लंबित मामलों का निराकरण सुनिश्चित करें तथा जनवरी 2026 तक जिले को शासन द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग करें।कलेक्टर ने बैठक में ÷आपकी पूँजी, आपका अधिकार÷ अभियान के अंतर्गत बैंकों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली और यह भी सवाल उठाया कि संबंधित विभागों द्वारा अब तक खातों की संख्या का दावा एवं सक्रियण क्यों नहीं किया गया। इस पर बैंकरों ने जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष तथा निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के लिए खाताधारकों को भेजे गए नोटिस एवं व्यक्तिगत संपर्क की जानकारी दी।अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री कमल किशोर सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय में दो विशेष शिविर, प्रत्येक विकासखंड में सात-सात शिविर तथा वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार जिले में एक विशेष शिविर आयोजित किया गया है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन गांवों और ब्लॉकों में निष्क्रिय खातों एवं जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष से संबंधित मामलों की संख्या अधिक है, वहां विशेष शिविर लगाए जाएं।बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर चिंता व्यक्त की और बैंकरों को अधिकतम संख्या में ऋण स्वीकृत कर जिले के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। नगर निगम रायगढ़ के अधिकारियों ने जानकारी दी।

## समाचार संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण और पशुधन संवर्धन की मिसाल

**धमतरी, 15 दिसंबर।** पर्यावरण संरक्षण, पशुधन हित और सतत कृषि की दिशा में ग्राम सेमरा बी, विकासखण्ड कुरूद, जिला धमतरी के प्रगतिशील पशुपालक एवं कृषक कीर्तन निषाद द्वारा किया गया कार्य एक उल्लेखनीय शासकीय सफलता की कहानी के रूप में उभरकर सामने आया है। उनकी दूरदर्शी सोच और जागरूक प्रयासों से लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में फैले पैरा (फसल अवशेष) को सुरक्षित रूप से उनके भाठा में एकत्रित किया गया, जिससे पराली जलाने की हानिकारक परंपरा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकी। पराली जलाने से जहां वायु प्रदूषण, भूमि की उर्वरता में कमी तथा जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं श्री कीर्तन निषाद की इस पहल ने इन सभी समस्याओं का व्यवहारिक और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत किया है। उनके प्रयासों से वातावरण में धुएं और विषैली गैसों के उत्सर्जन में कमी आई, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ वायु का लाभ मिला। यह पहल शासन द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियानों और जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों के उद्देश्यों के पूर्णतः अनुरूप है।इस नवाचारी प्रयास का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष पशुधन संवर्धन से जुड़ा है। एकत्रित पैरा से क्षेत्र में पशुओं के लिए पर्याप्त सूखे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हुई, जिससे पशुपालकों को चारे की कमी की समस्या से राहत मिली। इससे न केवल पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हुआ, बल्कि दुग्ध उत्पादन और पशुपालन की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी सुदृढ़ हुई हैं। यह पहल आत्मनिर्भर पशुपालन और ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए सुखद रहा सैनिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण

**अम्बिकापुर, 15 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज मानव जीवन ज्योति दृष्टि बाधित विद्यालय, बतौली के दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं भ्रमणात्मक यात्रा पर उदयपुर स्थित रामगढ़ पर्यटन केंद्र ले जाया गया। बच्चों को बस के माध्यम से सुरक्षित रूप से भ्रमण कराया गया। रामगढ़ पहुंचकर विद्यार्थियों को वहां स्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों का परिचय कराया गया। भले ही दृष्टि बाधित बच्चे भगवान राम को नेत्रों से नहीं देख सके, लेकिन रामगढ़ की पावन हवा, वृक्षों की सरसराहट, बहते जल की मधुर ध्वनि, शीतल समीर और पक्षियों के मधुर कलरव में उन्होंने भगवान ÷राम÷ की उपस्थिति को आत्मिक रूप से महसूस किया। यह अनुभव बच्चों के लिए भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत प्रेरक रहा।भ्रमण के दौरान बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों से बच्चों के आत्मविश्वास, आनंद और सामाजिक सहभागिता की वृद्धि होगी।इसके पश्चात विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल अम्बिकापुर का भ्रमण कराया गया। यहां बच्चों को सैन्य अनुशासन, परिसर की जानकारी दी गई तथा टैंक और तोप जैसे सैन्य संसाधनों को स्पर्श कर उनके बारे में बताया गया, जिससे बच्चों में देशभक्ति और साहस की भावना विकसित हुई समस्त भ्रमण कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से विद्यालय वापस छोड़ा गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री व्ही.के. उके सहित विद्यालय एवं संबंधित कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस मानवीय और संवेदनशील पहल के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर विलास भोसकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन, 4543 विद्यार्थी रहे उपस्थित

**अम्बिकापुर, 15 दिसम्बर।** जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन पर जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा के प्राचार्य डॉ. एस.के. सिन्हा ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।प्राचार्य डॉ. सिन्हा ने बताया कि परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अनुशासन एवं निगरानी की समुचित व्यवस्था रही, जिससे परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सकी। उन्होंने परीक्षा में संलग्न सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा ने भी परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जिले में इसका सफल आयोजन सराहनीय है। जिले में परीक्षा-2026 का आयोजन कुल 21 परीक्षा केंद्रों में किया गया, जिसमें 7 विकासखंड शामिल रहे। परीक्षा के लिए कुल 5953 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 2712 बालक एवं 3241 बालिकाएँ शामिल थीं। परीक्षा में कुल 4543 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनमें 2010 बालक एवं 2533 बालिकाए थीं। वहीं 1410 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें 702 बालक एवं 708 बालिकाएँ शामिल हैं।

# आयुष केन्द्र लोईंग में विविध जनस्वास्थ्य गतिविधियां सम्पन्न



**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष केन्द्र लोईंग में माह दिसम्बर के 1 से 10 तारीख तक विभिन्न जनस्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर गौराहा के निर्देशन तथा प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ. मानकेश्वरी संभाकर (जोशी) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए।

इस दौरान बाल संदर्भ आर्युविधा शिविर के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय लोईंग में स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सहजन, अमरूद, तुलसी, गिलोय, अरण्ड, जया, पारिजात, हरसिंगार, मीठी नीम, धृतकुमारी आदि औषधीय पौधों की उपयोगिता की जानकारी दी गई। इस शिविर से 72 बच्चे लाभान्वित हुए।इसी तरह आयुष केन्द्र लोईंग एवं स्कूल मैदान में आयोजित शिविरों में हर्बल गार्डन की जानकारी के साथ-साथ स्त्री मासिक स्वच्छता पर जागरूकता दी गई। साथ ही उदर रोग, वात रोग, अम्लपित्त, चर्म रोग, कृमि रोग एवं ज्वर से संबंधित आयुर्वेदिक उपचार एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें 186 लोगों ने लाभ लिया। आईआईटी कॉलेज लोईंग में आयोजित शिविर के दौरान आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण, हिमोग्लोबिन जांच, स्त्री मासिक स्वच्छता तथा हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं सियान जतन क्लीनिक शिविर के माध्यम से 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं दी गईं। विगत तीन वर्षों से निरंतर संचालित इस पहल के अंतर्गत आशा निकेतन वृद्धाश्रम में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 52 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर बीपी एवं मधुमेह की जांच, सरल योगाभ्यास तथा आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी दी गई।प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानकेश्वरी संभाकर (जोशी) ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को होम विजिट के माध्यम से लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा है।

### महानगर की तर्ज पर विकसित होता रायगढ़ शहर स्मार्ट सुविधाओं से बदल रही तस्वीर

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मशहूर रायगढ़ शहर अपनी मूल आत्मा और भावनाओं के साथ स्मार्ट सुविधाओं और बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ छत्तीसगढ़ के अन्य महानगर की तर्ज पर शहर विकास की नई गति पकड़ चुका है। महानगर की तर्ज पर सुविधाओं से लैस और योजनाबद्ध शहर बनाने की दिशा में आज शुक्रवार को प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। सुबह से कई घंटों तक चला यह दौरा शहर के विभिन्न शहर के हिस्सों में हो रहे विकास के स्तर और प्रगति को परखने पर केंद्रित रहा।राज्य के वित्त मंत्री श्री चौधरी इन दिनों अपने निर्वाचन क्षेत्र रायगढ़ के प्रवास पर है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में कई घंटों तक विभिन्न परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ को महानगर जैसी सुविधाएँ देना हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें, सुरक्षित जलस्रोत, आधुनिक मनोरंजन स्थल और मजबूत शैक्षणिक ढांचा, इन्हीं सबके आधार पर भविष्य का विकसित रायगढ़ निर्मित होगा।

# नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण

**रायगढ़, 15 दिसम्बर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, 13 दिसम्बर को रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर सर्वप्रथम श्री जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का शुभारंभ किया।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे-मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के



साथ-साथ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए, जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं तहसील सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ के न्यायालयों में तथा परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 26 खण्डपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। खण्डपीठों में 7792 लंबित प्रकरण एवं 805816 प्रीलिटिगेशन प्रकरण अर्थात कुल 813608 प्रकरण को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया।इस प्रकार रखे गये कुल 813608 प्रकरणों में से 6992 लंबित प्रकरण एवं 712179 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 719171 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 38 करोड़ 83 लाख 90 हजार 829 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

आयोजित लोक अदालत का मूल उद्देश्य आपसी सुलह समझौते के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों को फिर से जोड़ना और सामाजिक सौहार्द को स्थापित करना हमेशा से रहा हैं। जिसके तहत इस लोक अदालत के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के उद्देश्य के अनुसार आपसी समझौते के तहत परिवार न्यायालय में 02 महत्वपूर्ण प्रकरणों को निपटारा किया गया जिसमें निर्मल इजारदार एवं श्रीमती उषा इजारदार के मध्य आपसी सामंजस्य नहीं बन पाने के कारण विवाह विच्छेद का मामला चल रहा था ।

# किसानों का हक मारकर संयंत्र को पानी दे रही भाजपा सरकार: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद, 15 दिसंबर।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार द्वारा सिकासेर परियोजना को उद्योगों को समर्पित किया जा रहा है। क्योंकि गोपाल, मुस्की, कांपा सहित आसपास के ग्रामीणों व किसानों के विरोध के बाद भी करणी कृपा पॉवर प्लांट द्वारा कृषि महाविद्यालय के समीप स्थित गोपालपुर एनीकेट से प्लांट तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं, एनीकेट के समीप ही प्लांट तक पानी पहुँचाने के लिए इंटेकवेल बनाया जा रहा है। जिसमें मशीन लगाकर एनीकेट का पानी संयंत्र तक पहुँचाया जाएगा। इस एनीकेट में साल भर पानी नहीं रहता। इसे भरने के लिए कोडार बांध से पानी छोड़ना पड़ता है। अब यदि संयंत्र को पानी दिया गया तो कोडार से पानी छोड़कर ही दिया जाएगा।



चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार का किसान विरोधी तथा उद्योग समर्पित चेहरा इस कार्य से सामने आ चुका है। क्योंकि, जिस एनीकेट में इंटेकवेल बनाकर मशीन लगाने की तैयारी संयंत्र द्वारा किया जा रहा है, वहां गर्मी के मौसम में तो पानी ही नहीं रहता। उक्त एनीकेट को वन्य जीवों तथा मवेशियों के पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही आसपास के लोगों के निस्तारी के लिए बनाया गया था। उक्त एनीकेट में पानी भी कोडार डेम से ही भरा जाता है। अब यदि इस एनीकेट से संयंत्र को पानी दिया जाता है तो निश्चित ही कोडार का पानी एनीकेट तक पहुँचाया जाएगा। तभी करणीकृपा संयंत्र को पानी की आपूर्ति संभव है, अन्यथा संयंत्र द्वारा सूखे एनीकेट के पास इंटेकवेल तथा पाइप लाइन क्यों बिछाया जाता। मतलब साफ है, प्रत्यक्ष रूप से कोडार का पानी ना ले जाकर गोपालपुर एनीकेट के माध्यम से करणीकृपा तक पहुँचाया जाएगा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जल संसाधन विभाग का दायित्व जब मंत्री के केदार कश्यप के पास था तब उन्होंने पत्र प्रेषित कर गोपालपुर एनीकेट से उक्त प्लांट को पानी नहीं दिये जाने की मांग करते हुए तत्काल स्वीकृति निरस्त करने की मांग की थी। लेकिन, कार्पोरेट समर्थित सरकार ने इस पर विचार ना कर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब किसानों के हिस्से का पानी को चोरी-छिपे करणीकृपा पावर प्लांट को बेच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिकासेर जलाशय से महासमुंद के कोडार बांध तक पानी लाने का उद्देश्य किसानों को पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। लेकिन इस सरकार ने योजना में काफी परिवर्तन कर अंडर ग्राउंड पाइप लाइन से पानी लाने की योजना बनाई है। ताकि, उक्त पानी किसानों को ना देकर केवल उद्योगों को दिया जा सके।

# महाप्रबंधक ने किया पेंड्रारोड स्टेशन एवं पेंड्रारोड-बिलासपुर रेलखंड का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बिलासपुर, 15 दिसंबर।** तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आज पेंड्रारोड स्टेशन एवं पेंड्रारोड-बिलासपुर रेलखंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पेंड्रारोड स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का संक्षिप्त अवलोकन किया। इस दौरान उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण कर संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

इसके पश्चात महाप्रबंधक ने पेंड्रारोड-बिलासपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल परिचालन, ट्रैक, सिग्नलिंग, ओएचई तथा संरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान संरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन



एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए महाप्रबंधक ने रेल यात्रियों को संरक्षित, सुचारु एवं समयबद्ध रेल सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया ।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर श्री राजमल खोइवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास एवं संरक्षा उन्नयन के माध्यम से यात्रियों को बेहतर एवं विश्वसनीय रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**एक नजर**

### कॉफी टेबल बुक का विमोचन



**रायपुर 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवीन विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में रजत महोत्सव विशेष छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल द्वारा प्रकाशित ऊर्जावान छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं उसकी उत्तरवर्ती पावर कंपनियों की 25 वर्षों की गौरवमयी यात्रा, उपलब्धियों और विकास गाथा पर आधारित है।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों, अधोसंरचना विकास, नवाचारों और जनसेवा आधारित कार्यों का सजीव दस्तावेज है। कॉफी टेबल बुक में छत्तीसगढ़ राज्य ने ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ नियोजन, आधुनिक तकनीक और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है और सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना से लेकर 32 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता, कोयला खनन के सुदृढ़ संचालन और राज्यव्यापी पारेषण- वितरण ढांचे के विस्तार तक बिजली क्षेत्र में व्यापक सुधार को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, प्रतिबद्धता और योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन तथा डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी रोहित यादव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारी जे.एस. नेताम, संजीव सिंह एवं आशुतोष जायसवाल उपस्थित थे।

### पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से सौजन्य मुलाकात



**रायपुर 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को शहीद वीर नारायण सिंह जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। शहीद वीर नारायण सिंह जयंती के अवसर पर यह भव्य समारोह 15 दिसंबर 2025 को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी छात्र-छात्राओं द्वारा शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, पेंशन बाड़ा, रायपुर में शाम 7 बजे से किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की। इस अवसर पर छात्रावास अध्यक्ष पुरुषोत्तम नेताम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्ले स्कूलों के 625 संचालकों को नोटिस जारी

**बिलासपुर 15 दिसंबर।** जिले में संचालित प्ले स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के 625 निजी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से प्ले स्कूल का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। जिले में बड़ी संख्या में प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकांश स्कूलों ने अब तक स्कूल शिक्षा विभाग में पंजीयन नहीं कराया है। पंजीयन के अभाव में इन स्कूलों पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे मनमानी फीस वसूली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज की है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने सभी 625 निजी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर पंजीयन अनिवार्य कर दिया है।

# नारी सशक्तीकरण और किसान सम्मान के लिहाज से भाजपा सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक : राजपूत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को नारी सम्मान की रक्षा और किसान सम्मान के साथ साथ राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण के लिहाज से ऐतिहासिक बताया है । राजपूत ने प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में आज प्रदेश की महिलाएँ विकास की मुख्यधारा के केन्द्र में हैं, महतारी वंदन योजना का लाभ उठा कर महिलाए आर्थिक रूप से मजबुत हो रही है, और किसानो को भाजपा की सरकार में बिना परेशानी के 21 क्विंटल धान 3100 रुपय मे बेच कर आसानी से एकमुश्त पैसा पा रहे है।

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तीकरण के जो संकल्प व्यक्त किए थे, उन पर तेजी से अमल करके साय-सरकार ने मातृ-शक्ति का अभूतपूर्व विश्वास अर्जित किया है। सत्ता में आने के बाद भाजपा की सरकार ने प्रदेश की विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की और 10 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ हुआ। इस योजना में 70 लाख महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की राशि खाते में जमा हो रही है। अब तक महतारी वंदन योजना की 22 किश्ते जारी कर दी गई है। राजपूत ने कहा कि 179 महतारी सदन के निर्माण के लिए 52 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश की मितानिनों को अब हर माह प्रोत्साहन राशि के ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है। स्व-सहायता समूह के हित को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत रेडी टू ईट का काम महिला समूहों को सौंपा गया है।

कोमल सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देशभर में 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 'सुशासन तिहार÷ और ÷नियद नेल्ला नार योजना÷ के अंतर्गत 1.59 लाख पात्र माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 38 लाख महिलाएँ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं।

### कांग्रेस के शासन में उपेक्षित जिला अब विकास के पहिए पर सवार

*श्री राजपूत ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा0 रमन सिंह द्वारा विगत 15 वर्षो में जो जनहित में खाद्यान्न योजना शुरू की थी वह पूरी पारदर्शिता के साथ वर्तमान मे चल रही है । आवास योजना के तहत तेजी से आवासों का निर्माण किया जा रहा है । जो 18 लाख आवास कांग्रेस ने अपने कार्यकाल मे रोक रखे थे , वो पुरे बनकर तैयार हो चुके है।प्रधानमंत्री सुर्यघर योजना के माध्यम से हजारों घरों में सोलर प्लांट स्थापित की जा चुके हैं,जिससे आने वाले समय में प्रदेश में बिजली की बचत होगी । श्री राजपूत ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप मे 2 वर्ष के कार्यकाल मे डा रमन सिंह ने नवा रायपुर मे नए विधानसभा भवन की आधारशिला रखी , जिसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया। श्री राजपूत ने कहा कि इन 2 वर्षो मे विधानसभा अध्यक्ष के रूप मे डा रमन सिंह ने एक ओर जहां मेडिकल कालेज मे सिटीस्केन मशीन एवं सुविधाओं की सौगात दी , स्टेडियम के रखरखाव एवं मेंटेनेंस के लिए स्टेट बैंक को स्थान देकर स्टेडियम को आत्मनिर्भर बनाया। हाकी स्टेडियम मे भी डा0 रमन सिंह के आग्रह पर अमल करते हुए खेल मंत्री उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी ने तुरंत 6 करोड रुपये की सौगात दी । श्री राजपूत ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल मे राजनांदगांव जो कांग्रेस सरकार मे उपेक्षित था। अब विकास की सूचि हेतु अपेक्षित श्रेणी मे आ चुका है और अब जिले मे विकास के पहिए तेजी से दौड़ रहे है।*

# भानुप्रतापपुर में दोहरी नौकरी का खुलासा, एक ही व्यक्ति दो कार्यालयों से ले रहा था वेतन

**कांकेर15 दिसंबर।** जिले के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में शासकीय तंत्र को शर्मसार करने वाला एक अजीब और गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक ही व्यक्ति द्वारा एक साथ दो-दो शासकीय कार्यालयों में नौकरी करने और दोनों जगह से नियमित वेतन लेने का खुलासा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार दीना नाथ बोदेलकर एक ओर जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल में वर्ष 2012 से डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है, वहीं दूसरी ओर वह नवंबर 2024 से आसुलखार लैम्प्स में ऑपरेटर व प्रबंधक के रूप में भी पदस्थ है। इसके अलावा केवटी लैम्प्स का अतिरिक्त प्रभार भी उसी के पास बताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि बोदेलकर पिछले करीब एक वर्ष से दोनों जगह एक



साथ नौकरी कर रहा है और दोनों विभागों से वेतन भी प्राप्त कर रहा है। दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वह प्रतिमाह करीब 18 हजार रुपये वेतन ले रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार वह अस्पताल में सुबह उपस्थित होता है और दोपहर बाद गायब हो जाता है, जिससे उसकी दोहरी नौकरी की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब आसुलखार के किसानों ने लैम्प्स प्रबंधन में अनियमितताओं को लेकर आंदोलन किया। आंदोलन के दौरान जांच में सामने आया कि बोदेलकर किसानों को भी गुमराह कर रहा था और इसी क्रम में उसकी दोहरी नौकरी का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। इस पूरे मामले पर कांकेर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि एक कर्मचारी के दो जगह नौकरी करने की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी और तथ्य सामने आने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**समाचार संक्षेप**

### वक्ता मंच गंगा कुष्ठ आश्रम पहुंचा

**रायपुर 15 दिसंबर।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी समाज सापेक्ष कार्यों के क्रम में संस्था द्वारा 13 व 14 दिसंबर को लगातार 2 दिनों तक गंगा कुष्ठ बस्ती, पंडरी, रायपुर में पहुंचकर कंबल वितरण एवं रात्रि भोज का आयोजन किया गया द्य इस दौरान स्व. शिव प्रसाद यदु शिकुम की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा कुष्ठ बस्ती के निवासियों को कंबल वितरित किए गए द्य स्व. मुकेश थिटे की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा यहां के रहवासियों को रात्रि भोज प्रदान किया गया द्य टीम वक्ता मंच द्वारा कुष्ठ बस्ती का निरीक्षण कर यहां के रहवासियों से मुलाकात की गई तथा इस परिसर की व्यवस्था, साफ सफाई, चिकित्सा , पेयजल, प्रकाश व अन्य आवश्यक मुद्दों के प्रबंध संबंधी जानकारी एकत्रित की गई । इस आयोजन में भवन एवं सन्निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, राज्य निर्माण आंदोलनकारी डॉ उदयभान चौहान, वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, संरक्षिका ज्योति शुक्ला,प्रगति पराते, डॉ इंद्रदेव यदु, यशवंत यदु, प्रभात यदु,प्रशांत यदु, नारायण यदु,उत्तम देवहरे, रुनाली चक्रवर्ती,मो हुसैन, हेमलाल पटेल सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे द्य आयोजन को संबोधित करते हुए सन्नी अग्रवाल द्वारा कुष्ठ बस्ती में सेवा कार्य हेतु वक्ता मंच की सराहना करते हुए कहा गया कि यह कार्य अत्यधिक महत्व का है ।

### गौरेला पेंड्रा मरवाही : शिविरों में बनाए गए 107 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 15 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष्य में राज्य सरकर द्वारा रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस दौरान सभी विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा बीते दिनों किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केंद्रों और अन्य स्थानों पर शिविर आयोजित कर 107 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्र कोटमी में 12, मरवाही में 16 एवं पेंड्रा मे 19 लोगों के लर्निंग लाइसेंस बनाएं गए। इसके साथ ही जन समस्या निवारण शिविर मगुरदा में 11 एवं ग्राम पंचायत पंडरीपानी में 45 और पंडित माधव राव सप्रे कन्या महाविद्यालय गौरैला मे 4 लोगों के लर्निंग लाइसेंस बनाएं गए। इसी तारतम्य में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप जिले में संचालित 27 स्कूल बसों में से 26 का निरीक्षण किया गया, जिसमे 3 बसों में खामी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही किया गया तथा सरस्वती स्कूल की एक बस की सीटो के सुधार के लिए निर्देशित किया गया। निरिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल द्वारा बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। बस में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर या आशंका मात्र पर उसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन को दें।

### मुरेरगढ़ रहस्य, रोमांच और आस्था का प्राकृतिक हिल स्टेशनः विनोद पाण्डेय

**एमसीबी 15 दिसंबर।** परिचयः- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की गोद में स्थित मुरेरगढ़ एक ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां प्रकृति की अनुपम सुंदरता, ऐतिहासिक विरासत और गहरी धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। लगभग 2000 फीट ऊँचाई पर स्थित यह पहाड़ी एमसीबी जिले की सबसे ऊँची चोटी मानी जाती है और प्राकृतिक हिल स्टेशन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है।

**ऐतिहासिक महत्वः-** मुरेरगढ़ पर्वत शिखर पर स्थित प्राचीन किले के अवशेष इसके गौरवशाली अतीत की झलक प्रस्तुत करते हैं। पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के अनुसार यह किला संभवतः पूर्ववर्ती शासक बालंदशाह राजा द्वारा निर्मित गढ़ी रहा होगा। यद्यपि वर्तमान में यह भग्न अवस्था में है, किंतु रियासतकालीन इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**प्राकृतिक विशेषताएंः-**पर्वत पर स्थित प्राकृतिक गुफाएं, वर्षभर जलयुक्त रहने वाला कुआं, प्राचीन तालाब, गुफाओं से निकलने वाला मीठा एवं पीने योग्य जल, चारों ओर फैली घनी हरियाली एवं शांत वातावरण।

**धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्थाः-** स्थानीय जनमानस में यह पर्वत सिद्ध बाबा पर्वत के नाम से प्रसिद्ध है। महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं दीपावली के दूसरे दिन यहां श्रद्धालुजन देवस्थल पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना हेतु पहुंचते हैं।

# बस से रायपुर जा रहे जगदलपुर के सराफा व्यापारी से 29 लाख की हुई उठाईगिरी

**कांकेर 15 दिसंबर।** एक सराफा व्यापारी के साथ 29 लाख रुपए की उठाई गिरी हो गई। व्यापारी जगदलपुर से मनीष ट्रैवल्स की बस में बैठकर रायपुर जा रहा था, इसी दौरान बदमाश कैश से भरा थैला उठाकर भाग निकले। यह घटना कांकेर थाना क्षेत्र के माकड़ी इलाके में आज रविवार को अलसुबह घटित हुई, जिससे बस यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदलपुर निवासी सर्राफा व्यापारी मोतीलाल जैन मनीष ट्रैवल्स की बस में सफर कर रहे थे। इस दौरान नकदी रकम से भरा एक थैला उन्होंने अपनी सीट के पास रखा था। माकड़ी क्षेत्र में बस के अल्प विराम (शॉर्ट ब्रेक) के दौरान व्यापारी बाथरूम गए, उसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौके का फायदा उठाकर नकदी रकम से भरा थैला गायब कर दिया। लौटने पर व्यापारी को नकदी रकम से भरा थैला गायब मिला, जिसमें 29 लाख रुपए नकद बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पर कांकेर पुलिस ने बस चालक, कंडक्टर और यात्रियों से पूछ-ताछ कर उठाईगीरी के बदमाश की पतासाजी कर रही है। साथ ही बस के ठहराव स्थलों, यात्रा मार्ग और आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि घटना को अंजाम देने में किसी संगठित गिरोह की भूमिका हो सकती है। ठहरे यात्री बस में इतनी बड़ी रकम की उठाईगिरी ने लंबी दूरी की बस यात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता बढ़ा दी है। खासकर सर्राफा व्यापारियों और नकदी लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह घटना एक गंभीर चेतावनी मानी जा रही है। कांकेर पुलिस के अनुसार मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। फिलहाल किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पुलिस आधिकारिक जानकारी साझा करने से बच रही है। उम्मीद की जा रही है कि जांच पूरी होने के बाद घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

**रायपुर15 दिसंबर।** नवापारा में पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेटे के बाइक खरीदने की बात को लेकर पिता नाराज था और पिता ने बाइक में तोडफ़ोड़ भी की थी जिसके बाद गुस्साए बेटे ने अपने पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बेटे राहुल साहू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरा मामला गोबरा नवापारा का है। नवापारा निवासी राहुल साहू अपने पिता संतोष साहू की शराब पीने की बुरी लत से परेशान रहता था। बेटा अपनी मां के साथ अपने पिता से अलग रहता था, मृतक पिता हमेशा अपने बेटे को शराब पीने के लिए पैसे की मांग करता था। घटना के दिन पिता ने अपने बेटे से शराब पीने के लिए पैसा मांगा, बेटे ने जब पैसे नहीं दिए तो गुस्से में मृतक ने अपने बेटे की गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर दी, जिसके कारण बाप और बेटे दोनों में विवाद हो गया।

### राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जनसेवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न



**रायपुर 15 दिसंबर।** राष्ट्रीय कर्मयोगी - वृहद जन सेवा कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विगत दिवस राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासन के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद कार्यक्रम के तहत भारत के विभिन्न मॉड्यूल, डिजिटल क्षमता-वर्धन तथा प्रशासनिक दक्षता से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनआईसी की टीम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। पूरे प्रशिक्षण में सहकर्मी सीखने, सहयोग और अनुभवात्मक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बैच को 5 छोटी टीमों में विभाजित किया गया था। प्रशिक्षण में टीम-आधारित चुनौतियाँ, व्यक्तिगत अभ्यास,चिंतनशील और संवादात्मक चर्चाएं की गई। यह प्रशिक्षण व्यक्तिगत प्रभावशीलता और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता पर केंद्रित रहा। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के छत्तीसगढ़ के एसआईओ श्री टी. एन. सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी को नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक सच्चे राष्ट्रीय कर्मयोगी के गुणों को अपने दैनिक कार्यों में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

# रायपुर में भूतपूर्व नवसैनिक ग्रुप ने किया नेवी डे का भव्य आयोजन

**रायपुर 15 दिसंबर।** आज रायपुर में भूतपूर्व नवसैनिक ग्रुप द्वारा नेवी डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी श्री अनिल कुमार शर्मा जी तथा ईसीएचएस (श्चष्टा्रस्) रायपुर के ओआईसी श्री अर्जित दास जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

यह आयोजन अजय कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, विनय कुमार,अनीष मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व नौसैनिक अपने परिवारजनों के साथ रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर,धमतरी,बालोद जिलों से आए और कार्यक्रम को भव्य रूप से एक साथ मनाये। कार्यक्रम के दौरान भारतीय नौसेना के अद्वितीय पराक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से 1971 के युद्ध में नौसेना



की ऐतिहासिक भूमिका को याद किया गया तथा देश के लिए बलिदान देने वाले नौसेना के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। आयोजन का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना, नौसेना के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करना तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को एक मंच पर एकत्रित करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायी आयोजनों की निरंतरता की शुभकामनाएं दीं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202407142400036 /अ-2/2023-24

साकिनः-चारामा, प.ह.नं.-06

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक भावेश कुमार सिन्हा पिता विरेन्द्र कुमार सिन्हा, जाति कलार, निवासी ग्राम दरगहन, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1056/1 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 19/12/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,**

(मुहर) **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202512142400010 /अ-2/2024-25

साकिनः-चारामा, प.ह.नं.-06

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी पति फुलसिंह, जाति मरार, निवासी ग्राम साल्हेटोला, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 384/4 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 22/12/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,**

(मुहर) **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**


**महराजबंध तालाब से गीता नर्सरी क्षेत्र तक हटाया गया कचरा**

# ग्रीन आर्मी का एक दिवसीय धरना के साथ चौथे दिन जारी रहा महराजबंध सफाई अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 15 दिसंबर।** ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब को बचाने की दिशा में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का संकल्प लगातार मजबूत दिख रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी और इस प्रोग्राम के डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि, आज अभियान के चौथे दिन जहाँ एक ओर सदस्य सुबह से ही सफाई में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर तालाब संरक्षण को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने एक दिवसीय धरना भी आयोजित किया गया। ??आज की सफाई – गीता नर्सरी क्षेत्र में सुबह 7:30 बजे से सदस्य बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और गीता नर्सरी के सामने फैले कचरे, प्लास्टिक, पॉलीथिन व विसर्जन सामग्री को तालाब से निकालकर साफकिया



गया। लगभग 80 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने स्पष्ट संकेत दिया कि शहरवासी तालाब को बचाने के लिए एकजुट हैं। एक दिवसीय धरना – तालाब संरक्षण की आवाज आज के धरना कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, चित्रकांत अग्रवाल, डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु, डॉ. मनोज ठाकुर, हिमांशु तिवारी, किशनदीप सहित कई सदस्य दिनभर उपस्थित रहे। धरना में स्पष्ट रखा गया कि यदि नगर निगम द्वारा तालाब की समुचित सफाई शीघ्र नहीं कराई गई तो आगे निगम मुख्यालय एवं जोन कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया

जाएगा। जनसहयोग लगातार बढ़ रहा स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों की निरंतर भागीदारी अभियान को और ताकत दे रही है। प्रतिदिन पंपलेट वितरण और मंदिर परिसर से माइक द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

क्या कहा पदाधिकारियों ने? प्रदेश अध्यक्ष श्री अमिताभ दुबे ने कहा– यह अभियान सिर्फ कचरा हटाना नहीं, बल्कि तालाब को उसकी मूल सुंदरता वापस दिलाने का संकल्प है।÷ प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने कहा– ÷महाराजबंध तालाब रायपुर की धरोहर है। इसे बचाने की लड़ाई सिर्फ ग्रीन आर्मी की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक तालाब अपनी असली चमक में नहीं लौट आता।÷ ग्रीन आर्मी की अपील नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, संस्थाओं और समाजसेवी संगठनों से अपील की गई है कि वे इस मुहिम से जुड़कर तालाब संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण निर्माण में योगदान दें।

एक नजर

## भाजपा सरकार का 2 साल खस्ताहाल : वंदना राजपूत

**रायपुर, 15 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी की 2 साल की सरकार को खस्ता हाल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध का ग्राफबढ़ा है और अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ा है। हर तीन घंटे में एक महिला दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। सिर्फबलात्कार ही नहीं हत्या, लूट, अपहरण जैसे अपराधों के मामलों में भी रायपुर प्रदेश में सबसे आगे है। आंकड़ों के मुताबिक दुष्कर्म के मामले में रायपुर पहले पायदान पर है, जबकि बिलासपुर दूसरे और कोरबा तीसरे नंबर पर है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि फरवरी 2025 के इन सब आंकड़ों में बलात्कार के आंकड़े सबसे ज्यादा चौकाने वाले हैं। प्रदेश में एक साल के भीतर बलात्कार के कुल 3191 केस दर्ज किए गए हैं। इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 महिलाएं दुराचार का शिकार बन रही हैं। इस तरह से छत्तीसगढ़ में हर 3 घंटे में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हो रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब-जब कोई स्लोगन दिया है, तब-तब उसका विपरीत ही हुआ है। जैसे की बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा पर बेटियों के ऊपर अत्याचार, अनाचार की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है और ना ही बेटी आगे पढ़ पा रही है, वैसे ही एक और स्लोगन भारतीय जनता पार्टी ने दिया है, हमने बनाया है और हम ही सवारेंगे लेकिन इसके विपरीत प्रदेश की जल, जंगल, जमीन को बेचने की तैयारी में लगे हुए हैं।

## हर स्टूडेंट उठा सकेगा सबसे बड़े मस्ती कल्चर फेस्ट का लुत्फ

**रायपुर, 15 दिसंबर।** कॉलेज लाइफमें पढ़ाई-लिखाई, असाइनमेंट और प्रैक्टिकल के बीच एक ही चीज़ सबसे ज्यादा स्पेशल होती है- मज़ा! पूरी हफ्ते की थकान के बाद हर स्टूडेंट चाहता है कि कोई ऐसी जगह मिले जहाँ बस खुलकर हँसा जाए, दोस्तों के साथ एन्जॉय किया जाए, नए लोग मिलें, स्टार्स को लाइव देखा जाए और अपना भी कोई टैलेंट स्टेज पर दिखाने का मौका मिल जाए। आईआईटी बॉम्बे का मूड इंडिगो वही जगह है, जहाँ पढ़ाई का सीरियस मोड ऑफहो जाता है और पूरा कैम्पस तीन दिनों के लिए यूथ एनर्जी+मस्ती+क्रिएटिविटी का तीहार बन जाता है। और सबसे मज़ेदार बात, यह फेस्ट हर कॉलेज स्टूडेंट के लिए बिल्कुल मुफ्त है, फिर चाहे वह भारत का हो या बाहर का। मस्ती, सीख और स्टार्स.. वह भी बिना एक पैसा खर्च किए 16 से 18 दिसंबर तक आईआईटी बॉम्बे का हर कोना जी उठेगा। कहीं संगीत की धुनें, कहीं डांस के स्टेप्स, कहीं फैशन, कहीं थिएटर, हर जगह अलग-अलग फिर भी खूबसूरत एनर्जी का समागम देखने मिलता है। ऐसे में, यह सिर्फएक फेस्ट नहीं, स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ा मौका है खुद को दिखाने और कुछ नया सीखने का। 1971 में छोटी सी शुरुआत से आज मूड इंडिगो एशिया का सबसे बड़ा कॉलेज कल्चरल फेस्ट बन चुका है।

### बेरोजगारी भत्ता को लेकर सदन में हंगामा

# मंत्री खुशवंत के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट



**रायपुर, 15 दिसम्बर।** विधानसभा सत्र के दौरान आज सदन में कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी के बीच मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

बता दें कि, युवाओं के रोजगार और बेरोजगारी भत्ते को लेकर विपक्ष ने सरकार पर जवाबदेही तय करने की मांग की है। वहीं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बरोजगारों के लिए रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, जल्द ही राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन होगा, जिसमें 14 हजार से ज्यादा लोगों को हम रोजगार देंगे।

वहीं कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल किया कि क्या प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हमलोग युवाओं को सक्षम बना रहे हैं। इस पर विधायक ने सवाल किया कि युवाओं को योजना का लाभ कब देंगे? इसके साथ ही भूपेश बघेल ने भी सवाल करते हुए कहा कि, अब योजना बंद नहीं हुई है तो फिर योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा, कब बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा? जिसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉकआउट किया।

### विधानसभा में अनोखा दृश्य: शीतकालीन सत्र के पहले दिन बिल्ली की एंट्री ने खींचा ध्यान

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में एक अनोखा और रोचक दृश्य देखने को मिला, जब अचानक एक बिल्ली सदन में घुस आई और कुछ पलों के लिए पूरे सदन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। यह घटना उस समय हुई, जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी विजन डॉक्यूमेंट पर अपना वक्तव्य दे रहे थे। तभी सदन की सत्ता पक्ष की दीर्घा के ऊपर से बिल्ली की तेज आवाज गूंजने लगी। शुरुआत में भाजपा विधायकों ने इसे किसी मोबाइल की रिंगटोन समझा और इधर-उधर देखने लगे। लेकिन जब बिल्ली की आवाज दोबारा और स्पष्ट रूप से सुनाई दी, तो स्पीकर सहित मंत्री, विधायक और अधिकारी सभी छत की ओर देखने लगे। जैसे-जैसे वित्त मंत्री का वक्तव्य आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे बिल्ली की आवाज भी बीच-बीच में गूंजती रही। इस अप्रत्याशित स्थिति को देखकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी स्वयं को हँसने से रोक नहीं पाए और उन्होंने वित्त मंत्री चौधरी की ओर देखकर मुस्कान साझा की। बताया जा रहा है कि बिल्ली रास्ता भटककर सदन के भीतर पहुंच गई थी। कुछ ही देर में स्थिति सामान्य हो गई और कार्यवाही पुनः सुचारू रूप से आगे बढ़ी, लेकिन यह घटना शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का सबसे चर्चित और हल्का-फुल्का पल बन गई।

## चर्चा में विपक्ष की गैर मौजूदगी दुर्भाग्यपूर्ण : केदार कश्यप

**रायपुर, 15 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा सत्र के पहले ही दिन सदन में हो रही 'अंजोर विजन-2047' की सकारात्मक चर्चा में विपक्ष की गैर मौजूदगी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। कश्यप ने कहा कि विपक्ष ने सत्र के पहले ही दिन बहिष्कार करके अपनी मानसिकता का परिचय दे दिया है कि छत्तीसगढ़ के प्रति कांग्रेस की कोई सोच नहीं है।



प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस इससे पहले भी हर मौकों पर चर्चा और कार्यक्रमों का बहिष्कार करती रही है। सेंट्रल विस्टा, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, जैसे कार्यक्रमों का बहिष्कार करके कांग्रेस ने यही सिद्ध किया और अब भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के 2047 तक विकास पर हो रही चर्चा का भी बहिष्कार किया है। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत-2047 के जिस विजन के साथ काम कर रहे हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार उसी विजन के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के परिप्रेक्ष्य में सदन में चर्चा कर रही है तो उसमें विपक्ष की भागीदारी आवश्यक थी, लेकिन विपक्ष अपने इस छत्तीसगढ़ को आज भी एक विकसित राज्य के रूप में नहीं देखना चाहता। यहाँ के किसानों, युवाओं, महिलाओं के विकास और सशक्तीकरण के प्रति उनकी कोई सोच नहीं है। इसीलिए कांग्रेस ने सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। प्रदेश के वनमंत्री कश्यप ने नए विधानसभा भवन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान एसआईआर के मद्देनजर भी कांग्रेस को घेरा और कहा कि कांग्रेस के समूचे सत्ता-काल में वोट चोरी के जितने आरोप लगे, उनको कांग्रेस आज तक किसी भी मंच पर असत्य साबित नहीं कर पाई है। आज जब देश की जनता भाजपा के पक्ष में खड़ी है और जन-आशीर्वाद भाजपा को प्राप्त हो रहा है, तब कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री साय के विरुद्ध विष वमन कर रही है और घुसपैठियों व अलगाववादियों के पक्ष में खड़े होकर वोट चोरी का मिथ्या आरोप लगाकर प्रलाप कर रही है।

# मिश्रा ने किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

## विधायक पुरंदर की पहल से शिव नगर को मिली नई सौगात

**रायपुर, 15 दिसम्बर।** खम्हारडीह थाने के पीछे स्थित शिव नगर, शंकर नगर रायपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू के साथ सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। नागरिकों में इस बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।



प्रस्तावित सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों का एक सशक्त केंद्र बनेगा। इससे शिव नगर में सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि नागरिक सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है और सामुदायिक भवन जैसे कार्य समाज को जोड़ने एवं संस्कारों को सशक्त करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने सभी वार्डवासियों को इस उपलब्धि की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास की आशा जताई।

# बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट का उदाहरण : सुशील आनंद

**रायपुर, 15 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट के उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए,



किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है। यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छुपाने के लिये किया है। मीटर चेक शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार।

भाजपा सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफयोजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज इस महीने से लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार, कोयले का सेस कम होने के कारण बिजली का दाम कम तो नहीं कर रही, ऊपर से एक नया टैक्स लगा रही। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है।

# राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन नबीन को भाजपा परिवार ने दी बधाई



**रायपुर, 15 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित प्रदेश के समस्त वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, निगम-मण्डल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएँ दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नबीन के यशस्वी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। नबीन की नियुक्ति राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में युवा नेतृत्व पर विश्वास को प्रतीक है। उनकी प्रशासनिक और संगठनात्मक क्षमता उनके जमीन और कार्यकर्ताओं से संवेदना के स्तर पर जुड़े होने का प्रमाण है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नितिन नबीन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति से छत्तीसगढ़ के भाजपा-परिवार के सभी पदाधिकारी, सांसद, विधायक, कार्यकर्ता अभिभूत हैं। उनके सह-प्रभारी रहते हमने उनके मार्गदर्शन में पिछला विधानसभा चुनाव जीता, लोकसभा चुनाव राज्य प्रभारी रहकर उन्होंने प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत दिलाई। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊँचाई प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और बाद में प्रभारी के रूप में उनके मार्गदर्शन में पिछ?ले विधानसभा चुनाव से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों में पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रय यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कंडेय, भाजपा प्रदेश मंत्रीगण, भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश प्रवक्ताओं ने भी नबीन को बधाई दी है।

### सरोज पाण्डेय और लता उसेण्डी ने दी बधाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वय डॉ. सरोज पाण्डेय व सुश्री लता उसेण्डी ने भी बधाई देते हुए शुभकामना व्यक्त की है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि नवीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर नबीन को शुभकामना देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा की यश-पताका देश में चहुँओर फहरेगी।

### सांसद पांडेय ने दी बधाई

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन को भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार व्यक्त माना। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन का नेतृत्व क्षमता एवं संगठनात्मक अनुभव पूरा छत्तीसगढ़ मिल रहा है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की और लोकसभा चुनाव में भी 10 सीटों में भाजपा को जीत उनके कुशल नेतृत्व से मिली। नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उनके कुशल रणनीति के चलते हर जगह भाजपा का परचम लहराया।

### अजय जम्वाल और पवन साय ने दी नितिन नबीन को शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि नबीन सत्ता और संगठन में कर्मठ प्रशासक व समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। संगठनात्मक कार्यों का उनका लम्बा अनुभव है। छत्तीसगढ़ के बाद अब पूरे देश को उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा और भाजपा का जनाधार बढ़ेगा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने नबीन को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि एक समर्पित, विनम्र और कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की उनकी विशिष्टता व प्रतिबद्धता अब देशभर में भाजपा को और ज्यादा मजबूती से सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी।

### पार्टी के जुझारू नेता : अशोक बजाज


भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने बधाई दी है। बजाज ने कहा कि नबीन कुशल संगठक एवं भाजपा के जुझारू नेता है। छत्तीसगढ़ प्रभारी के नाते यहां की राजनीति से पूरी तरह वाकिफहै। यहां के कार्यकर्ताओं से वे व्यक्तिगत रूप से परिचित भी है।

### अदभुत नेतृत्व क्षमता के धनी है नबीन : जैन

रायपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नबीन के संगठनात्मक अनुभव का लाभ छत्तीसगढ़ के बाद अब पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर पुनः बधाई प्रेषित की।

## नबीन अपनी संगठनात्मक क्षमता के बल पर भाजपा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे

अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के यशस्वी प्रभारी एवं बिहार सरकार के ऊर्जावान पथ निर्माण मंत्री, माननीय नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि माननीय नितिन नबीन अपनी उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता, दूरदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपने नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा लिया गया यह विचारपूर्ण एवं उत्कृष्ट निर्णय भारत के नव निर्माण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करेगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26